● जयपुर, शुक्रवार, 3 मई 24 ● वर्ष 13 ● अंक 247 ● पृष्ठ : 8 ● मूल्य : 1 रुपये
www.chamaktarajasthan.in| Email : chamaktarajasthan8789@gmail.com

डाक पंजीयन संख्या: RJ/JPC/D19/2024-25
RNI. No. RAJHIND/2011/40950

दैनिक
राज्य तथा केंद्र द्वारा मान्यता प्राप्त
सच के साथ मजबूती से बढ़ाये क़दम

# चमकता राजस्थान

विज्ञापन के लिए : 93145 05000
जयपुर से प्रकाशित एवं प्रसारित
अजमेर, सीकर, झुंझनुं, सवाईमाधोपुर, चित्तौड़गढ़, बूँदी, धौलपुर, हिंडौन, भरतपुर, झालावाड़, जोधपुर, बीकानेर से प्रसारित

**सुविचार**


“सत्य को हज़ार तरीकों से बताया जा सकता है, फिर भी हर एक सत्य ही होगा।”
● स्वामी विवेकानंद

पेज @3 जयपुर में राष्ट्रीय पत्रकार सम्मेलन हुआ संपन्न...
पेज @4 श्रवण सिंह बगड़ी सँभालेंगे पीएम मोदी और गृह मंत्री शाह की जनसभाओं...
पेज @8 दिल्ली रोड़ ग्राम कांट में करीब 20 बीघा जेडीए स्वामित्व की बेशकीमती...

# क्या मोदी के ‘राजनीतिक परिवार’ का हिस्सा होना, अपराधियों के लिए सुरक्षा की गारंटी : राहुल गांधी

## जहां भी महिलाओं के खिलाफ अपराध हुए, चाहे वह यूपी का हाथरस हो या उन्नाव, मोदीजी चुप थे : प्रियंका गांधी

नई दिल्ली/एजेंसी



लोकसभा चुनाव से पहले कर्नाटक में यौन उत्पीड़न केस ने हलचल मचा दी है। जेडीएस से जुड़ा होने के बावजूद इस मामले की आंच बीजेपी तक सीधे पहुंच रही है। कर्नाटक में जनता दल सेक्यूलर से गठबंधन होने की वजह से कांग्रेस ने इस मुद्दे पर बीजेपी के साथ ही सीधे-सीधे पीएम पर हमला शुरू कर दिया है। कर्नाटक में कांग्रेस नेता राहुल गांधी और प्रियंका गांधी ने महिला सुरक्षा को लेकर पीएम मोदी पर सीधा सवाल उठा दिया। इसके साथ ही कैसरगंज से कर्नाटक, उन्नाव से उत्तराखंड को लेकर महिलाओं के साथ यौन उत्पीड़न का मामला उठाया। कांग्रेस ने सीधे तौर पर महिला सुरक्षा को लेकर बीजेपी को घेरने की रणनीति बना ली है।

### पीएम का मूक समर्थन बढ़ा रहा मनोबल

राहुल गांधी ने कहा कि कर्नाटक में महिलाओं के साथ हुए वीभत्स अपराध पर भी नरेंद्र मोदी ने हमेशा की तरह शर्मनाक चुप्पी साध ली है। प्रधानमंत्री को जवाब देना होगा। सब कुछ जान कर भी सिर्फ वोटों के लिए उन्होंने सैकड़ों बेटियों का शोषण करने वाले हैवान का प्रचार क्यों किया? आखिर इतना बड़ा अपराधी बड़ी सहूलियत के साथ देश से फरार कैसे हो गया? राहुल गांधी ने लिखा कि कैसरगंज से कर्नाटक और उन्नाव से उत्तराखंड तक, बेटियों के गुनहगारों को प्रधानमंत्री का मूक समर्थन देश भर में अपराधियों के हौसले बुलंद कर रहा है। क्या मोदी के ‘राजनीतिक परिवार’ का हिस्सा होना अपराधियों के लिए ‘सुरक्षा की गारंटी’ असम में बोलते हुए, प्रियंका ने कहा कि ये लोग (बीजेपी नेता) महिला सुरक्षा की बात करते हैं। आपने देखा होगा कि कर्नाटक में क्या हो रहा है। उनकी पार्टी से जुड़े लोगों ने ऐसे अपराध किए हैं (भाजपा और जद(एस) कर्नाटक में लोकसभा चुनाव के लिए गठबंधन में हैं)। हजारों वीडियो सामने आ चुके हैं हम क्या पाते हैं? प्रियंका गांधी ने कहा कि मोदीजी ने उन अपराधों को अंजाम देने वाले व्यक्ति के लिए प्रचार किया था। अपराधी देश छोड़कर भाग गया और किसी ने उसे नहीं रोका। न तो मोदी जी ने और न ही अमित शाह ने उन्हें रोका. उन्होंने उसे भागने दिया। जहां भी महिलाओं के खिलाफ अपराध हुए, चाहे वह यूपी का हाथरस हो या उन्नाव, मोदीजी चुप थे। इसके बजाय उन्होंने अपराधियों को बचाने की कोशिश की...मणिपुर में, एक जवान की पत्नी को निर्वस्त्र कर घुमाया गया। वीडियो सभी ने देखा। प्रियंका ने सवाल उठाया कि मोदी जी, अमित शाह ने भी देखा होगा। तो वे चुप क्यों थे? अपने संबोधन के दौरान, वह महिला मतदाताओं तक भी पहुंचीं। उन्होंने दावा किया कि बीजेपी ने 'महिलाओं के लिए कुछ नहीं किया है।



## प्रियंका गांधी आज से शुरू कर सकती हैं नई पारी

● दोपहर में होगा नामांकन, सोनिया के कहने पर हुआ फैसला



**नयी दिल्ली/एजेंसी।** रायबरेली के सियासी रण के लिए कांग्रेस हाईकमान ने सब कुछ तय कर दिया है। गांधी परिवार के गढ़ से प्रियंका गांधी अपनी सियासी पारी को शुरू करने जा रही हैं। बृहस्पतिवार को पूरे दिन इस पर दिल्ली से लेकर रायबरेली तक चर्चा का दौर जारी रहा तो पल-पल की खबर के लिए कांग्रेस पदाधिकारी जुटे रहे। दिल्ली से बात छन कर आई कि प्रियंका गांधी ही कांग्रेस से रायबरेली के मैदान में होंगी तो जिले की सियासी हलकों की गर्मी बढ़ गई। अब कार्यकर्ता और पदाधिकारियों की निगाह शुक्रवार पर लगी है कि चुनावी रण में प्रियंका गांधी उतरती है या फिर ऐन मौके पर किसी और को न उतार दिया जाए।रायबरेली में लोकसभा चुनाव से पहले ही कांग्रेस ने इतिहास बना दिया है। नामांकन प्रक्रिया खत्म होने के 24 घंटे से भी कम समय बचा है और कांग्रेस ने प्रत्याशी घोषित नहीं किया है। कौन होगा प्रत्याशी इसे लेकर पिछले तीन दिन से कयासों के साथ कांग्रेस की निगाह दिल्ली पर लगी है। दिल्ली में बातचीत के कई दौर हुए तो रायबरेली कांग्रेस के तिलक भवन कार्यालय में मैराथन बैठक हो चुकी है। सांसद सोनिया गांधी के प्रतिनिधि केएल शर्मा दो दिन से जिले में डेरा डाले हुए हैं, वह रायबरेली के साथ अमेठी की भी दौड़ लगा रहे हैं। रायबरेली को लेकर सोनिया गांधी ने बेटी प्रियंका गांधी से लंबी बातचीत की है। सूत्र बताते हैं कि प्रियंका सक्रिय राजनीति में नहीं उतरना चाहती थी लेकिन मां ने सियासत में अहमियत के साथ रायबरेली के महत्व को समझाया है।

## पीएम मोदी पर राहुल गांधी का आरक्षण वाला अटैक

### नरेंद्र मोदी के आरक्षण हटाओ अभियान का मंत्र है- न रहेगा बांस, न बजेगी बांसुरी

### मतलब न रहेगी सरकारी नौकरी, न मिलेगा आरक्षण



नयी दिल्ली/एजेंसी

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को निशाने पर लिया है। उन्होंने आरक्षण को लेकर जमकर निशाना साधा है। राहुल गांधी ने कहा कि नरेंद्र मोदी के आरक्षण हटाओ अभियान का मंत्र है- न रहेगा बांस, न बजेगी बांसुरी, मतलब न रहेगी सरकारी नौकरी, न मिलेगा आरक्षण। उन्होंने आरोप लगाया कि बीजपी सरकार अंधे निजीकरण से सरकारी नौकरियों को खत्म कर चुपके-चुपके दलितों, आदिवासियों और पिछड़ों से आरक्षण छीन रही है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने अपने एक्स अकाउंट पर एक पोस्ट में कहा कि नरेंद्र मोदी के आरक्षण हटाओ अभियान का मंत्र है न रहेगा बांस, न बजेगी बांसुरी, मतलब न रहेगी सरकारी नौकरी, न मिलेगा आरक्षण। वहीं, बीजेपी सरकार अंधे निजीकरण से सरकारी नौकरियों को खत्म कर चुपके-चुपके दलितों, आदिवासियों और पिछड़ों से आरक्षण छीन रही है। साल 2013 में पब्लिक सेक्टर में 14 लाख स्थायी पद थे, जो 2023 तक आते आते सिर्फ 8.4 लाख ही बचे।

● **6 लाख पक्की नौकरियां पब्लिक सेक्टर से हुई खत्म : राहुल गांधी**

राहुल गांधी ने बीजेपी को निशाने पर लेते हुए कहा कि बीएसएनएल, सेल, भेल जैसे टॉप सेक्टर को बर्बाद कर लगभग 6 लाख पक्की नौकरियां सिर्फ पब्लिक सेक्टर से ही खत्म कर दी गई। उन्होंने कहा कि ये वही पद हैं जहां आरक्षण का लाभ मिलता है। सरकारी कामों को ठेके पर देकर रेलवे जैसे संस्थानों में जो नौकरियां बैक डोर से खत्म की जा रही हैं उनकी तो कोई गिनती ही नहीं है।

● **भरे जाएंगे 30 लाख रिक्त पद**

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने आरोप लगाया कि मोदी मॉडल का निजीकरण देश के संसाधनों की लूट है, जिसके जरिए वंचितों का आरक्षण छीना जा रहा है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी की गारंटी है कि हम पब्लिक सेक्टर्स को मजबूत करेंगे और 30 लाख खाली पड़े सरकारी पदों को भर कर हर वर्ग के लिए रोजगार के दरवाजे खोल देंगे। इसके साथ ही परीक्षा के आयोजन से भर्ती होने तक की एक निश्चित समयसीमा होगी।

## मोदी की मिमिक्री कर लोकप्रिय बन चुके श्याम रंगीला अब पीएम मोदी के खिलाफ लड़ेंगे चुनाव



**बनारस/एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मिमिक्री कर पूरी दुनिया में लोकप्रिय बन चुके श्याम रंगीला अब पीएम मोदी के खिलाफ चुनाव लड़ेंगे। श्याम रंगीला बनारस लोकसभा सीट से पीएम मोदी के खिलाफ इस सप्ताह के अंत तक निर्दलीय नामांकन दाखिल करेंगे। श्याम रंगीला ने एक्स पर पोस्ट कर इसकी जानकारी दी है।
उन्होंने एक्स पर लिखा, 'वाराणसी से मैं चुनाव लड़ूंगा, क्योंकि आजकल किसी का भरोसा नहीं कौन कब नामांकन वापस ले ले।' श्याम रंगीला ने कहा कि वे जनता को सन्देश देना चाहते हैं कि चुनाव होगा और उन्हें भी वोट किया जा सकता है। उन्होंने कहा, 'सूरत या इंदौर के विपरीत, जहां कांग्रेस उम्मीदवारों के अपने नामांकन पत्र वापस लेने के बाद इन निर्वाचन क्षेत्रों में भाजपा उम्मीदवारों के लिए वॉकओवर मिल गया, हम कम से कम ये कहने के लिए वहां खड़े होंगे कि हम यहां पर लोकतंत्र खतरे में नहीं आने देंगे, लोगों को वोट के लिए यहां विकल्प मिलेगा।' रंगीला ने कहा, 'वाराणसी में भले ही हर कोई अपना नामांकन पर्चा वापस ले ले, मेरा पर्चा तब भी वहीं रहेगा।' उन्होंने कहा, उन्हें प्रवर्तन निदेशालय आदि की चिंता नहीं है। अगर मेरे खातों की जांच की जाए, तो उन्हें कुछ नहीं मिलेगा। मैं असली फकीर हूं, जो झोला उठा कर चल दूंगा जी।

## पाकिस्तान और कांग्रेस की ये पार्टनरशिप अब पूरी तरह एक्सपोज हो गई है : पीएम मोदी



आणंद/एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज गुजरात के आणंद में विशाल जनसभा को संबोधित किया।इस दौरान उन्होंने कांग्रेस पार्टी पर जमकर निशाना साधा। पीएम मोदी ने अपने संबोधन में कहा कि यहां कांग्रेस मर रही है और पाकिस्तान वहा रो रहा है, कांग्रेस और पाकिस्तान की पाटनर्शिप एक्सपोज़ हो चुकी है। देश ने 60 साल तक कांग्रेस का राज देखा है। अब देश ने 10 साल भाजपा का सेवाकाल भी देखा है। वो शासनकाल था, ये सेवाकाल है। पीएम मोदी ने आगे कहा कि ‘कांग्रेस के 60 साल में करीब 60% ग्रामीण आबादी के पास शौचालय नहीं था। 10 साल में भाजपा सरकार ने शत-प्रतिशत टॉयलेट बना दिए। 60 साल में कांग्रेस देश में सिर्फ 3 करोड़ ग्रामीण घरों तक ही नल से जल की सुविधा पहुंचा पाई, यानी कि 20% से भी कम घरों में। 10 साल में ही नल से जल पहुंचने वाले घरों की संख्या आज 14 करोड़ हो गई है, यानी 75% घरों में नल से जल पहुंचा है।
प्रधानमंत्री मोदी ने आगे कहा कि 60 साल में कांग्रेस ने बैंकों का राष्ट्रीयकरण किया, बैंकों पर कब्जा कर लिया और ये कहा कि बैंक गरीबों के लिए होने चाहिए। बैंकों का राष्ट्रीयकरण गरीबों के नाम पर करने के बावजूद भी कांग्रेस सरकार 60 साल में करोड़ों गरीबों के बैंक खाते नहीं खोल पाई। मोदी ने 10 साल में 50 करोड़ से ज्यादा जनधन बैंक खाते खोले।
पीएम मोदी ने आगे कहा कि कांग्रेस के शहजादे आजकल माथे पर संविधान रखकर नाच रहे हैं। लेकिन, कांग्रेस मुझे जवाब दे कि जिस संविधान को आज माथे पर रखकर नाच रहे हो, क्यों 75 साल तक हिंदुस्तान के सभी हिस्सों पर ये संविधान लागू नहीं होता था। संयोग देखिए, आज भारत में कांग्रेस कमजोर हो रही है। मजा ये है कि यहां कांग्रेस मर रही है और वहां पाकिस्तान रो रहा है।कांग्रेस के लिए अब पाकिस्तानी नेता दुआ कर रहे हैं। शहजादे को प्रधानमंत्री बनाने के लिए पाकिस्तान उतावला है और कांग्रेस तो पाकिस्तान की मुरीद है ही। पाकिस्तान और कांग्रेस की ये पार्टनरशिप अब पूरी तरह एक्सपोज हो गई है।

# आम चुनाव और मुस्लिम तुष्टीकरण का विकृत खेल

आम चुनाव के मतदान के दो चरण समाप्त होने के बाद सभी राजनीतिक दलों को जनता के मध्य अपनी स्थिति की वास्तविकता का कुछ सीमा तक पता चल गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में लगातार तीसरी बार सत्ता में आने की सम्भावना वाली भारतीय जनता पार्टी को रोकने के लिए विपक्ष ने एक बार फिर मुस्लिम तुष्टीकरण का विकृत खेल खेलना प्रारंभ कर दिया है। तथाकथित इंडी गठबंधन में शामिल दलों के नेता लगातार भड़काऊ और नफरत भरी बयानबाजी कर रहे हैं, जिसमें अब वोट जिहाद और तालिबान भी आ गया है। दिल्ली के मंडी हाउस इलाके में पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के साथ आतंकी फंडिंग मामले में सजा काट रहे यासीन मलिक का फोटो लगाया गया है। पोस्टर में यासीन मलिक की रिहाई के साथ कांग्रेस को वोट देने की अपील की गई है। हालांकि जानकारी मिलते ही दिल्ली पुलिस ने यह पोस्टर हटा दिया।

आतंकी यासीन मलिक कुख्यात अलगववादी है जिससे 2006 में पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह ने मुलाकात की थी। अब मलिक आजीवन कारावास की सजा काट रहा है और अभी उस पर कई और मुकदमे चल रहे हैं। कांग्रेस केरल में प्रतिबंधित पीएफआई जैसे संगठनों का सहयोग ले रही रही है और सनातन विरोधी बयानों पर चुप्पी साधे हुए है। मुस्लिम तुष्टीकरण का यह खुला खेल कांग्रेस ही नहीं अपितु भारत की सभी वामपंथी और अधिकांश क्षेत्रीय पार्टियां जमकर खेल रही हैं फिर चाहे वो उत्तर प्रदेश हो बिहार हो या पश्चिम बंगाल। विगत 10 वर्ष और अटल जी के कार्यकाल को छोड़ दें तो केंद्र तथा राज्यों में कांग्रेस व उसके गर्भ से निकले दलों व नेताओं ने ही सत्ता पर एकछत्र राज किया। ये सभी धर्मनिरपेक्षता के नाम पर भाजपा को हराने की बात करने वालों तथा कट्टरपंथियों का समर्थन कर मतदान को मजहब के आधार पर प्रभावित किया करते थे। भाजपा द्वारा धर्मनिरपेक्षता की सच्ची रेखा खींचने के बाद इन दलों के नेताओं के सामने अपना राजनीतिक अस्तित्व बचाने का संकट खड़ा हो गया है और ये वोट जिहाद की अपील कर रहे हैं। उत्तर प्रदेश में अभी तक सपा, बसपा, कांग्रेस सहित विभिन्न दल अतीक अहमद, मुख्तार अंसारी जैसे माफिया को अपने राजनीतिक लाभ के लिए पाला पोसा करते थे अब उनके लिए फातिहा पढ़ रहे हैं और धूर्तता के साथ उन्हें गरीबों का मसीहा बताकर मुसलमानों का वोट मांग रहे हैं।

पहले ये माफिया बूथ लूटकर व मतदान के समय बम, गोलियां दागकर वोट जिहाद किया करते थे अब उनके नेता व गुर्गे इनको शहीद बताकर मुस्लिम समाज को भड़का रहे हैं। उत्तर प्रदेश के फरुर्खाबाद में कायमगंज के अल्पसंख्यक बहुल क्षेत्र में इंडी गठबंधन के प्रत्याशी के समर्थन में पूर्व विदेशमंत्री सलमान खुर्शीद की भतीजी सपा नेता मारिया आलम खां ने वोट जिहाद का नारा देकर समाजवादियों की मुश्किल बढ़ा दी है। मारिया आलम खां ने कहा कि हर महिला और हर पुरुष वोट जिहाद करके संविधान बचाने की इस जंग को लड़ेगा। प्रदेश में वोट जिहाद शब्द को लेकर राजनीतिक बयानबाजी अब काफी तल्ख हो गई है। सपा-कांग्रेस गठबंधन हो जाने के कारण इस बार सलमान खुर्शीद का परिवार चुनावी मैदान से भले ही दूर हो गया हो किंतु अपने सहयोगी दलों के उम्मीदवारों के लिए चुनाव प्रचार कर रहा है। सलमान खुर्शीद का परिवार कई बार विवादों के घेरे में रहा है। खुर्शीद की पत्नी लुईस खुर्शीद पर दिव्यांगों की सहायता करने के नाम पर घोटाला करने का मुकदमा चल रहा है। सलमान खुर्शीद बाटला हाउस एनकाउंटर व प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पर भी विवादित बयानबाजी कर चुके हैं। जब लुईस खुर्शीद को इस बात का आभास हो गया था कि इस बार उनके परिवार को टिकट नहीं मिलने जा रहा तब उन्होंने मीडिया के सामने अपने कार्यकर्ता से कहा था कि अगर कांग्रेस का कोई पदाधिकारी उनसे मिलने आए तो उसे चप्पल से मारें। अब उसी परिवार की भतीजी मारिया एक बार फिर वोट जिहाद की अपील कर रही हैं।

इसी प्रकार उप्र के संभल से पूर्व सांसद डॉ. शफीकुर्रहमान वर्क के पोते एवं सपा प्रत्याशी जियाउर्रहमान वर्क अपनी नुक्कड़ सभा के वायरल वीडियो में मुख्तार अंसारी, अतीक अहमद और शहाबुद्दीन की मौत को कुबार्नी बता रहा है। वीडियो वायरल हो जाने के बाद वर्क पर मुकदमा दर्ज हो गया है। उसके बाद भी वह नहीं रुका और उसने चुनाव आयोग के अधिकारियों को धमकी देते हुए बयान दिया कि जब वक्त बदलेगा तब बदला लिया जाएगा। बसपा अपनी नैया पार लगाने व जनता के मध्य अपनी उपस्थिति को दर्ज कराने के लिए चुनावी मैदान में अपने युवा कोआर्डिनेटर, पूर्व मुख्यमंत्री मायावती के भतीजे आकाश आनंद के नेतृत्व में रण मे उतरी है और कुछ-कुछ बदली बदली सी नजर आ रही है। पार्टी ने 2022 के उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव में अपनी जमीन को फिर से प्राप्त करने के लिए, सवर्णो को खुश करने के लिए रामनाम का विरोध नहीं किया था किंतु वह अब काफी पीछे छूट चुका है। बसपा ने इस बार नया नारा दिया है, 'बहुजन हिताय बहुजन सुखाय का' किंतु पार्टी का एक मुश्त मुस्लिम मतों का लालच छूटा नहीं है इसलिए बसपा ने सबसे अधिक मुसलमानों को अपना उम्मीदवार बनाया है। बसपा के युवा नेता आकाश आनंद मुस्लिम तुष्टीकरण के लिए आक्रामक बयानबाजी कर रहे हैं जिसके कारण उनके खिलाफ सीतापुर जिले में केस भी दर्ज हो गया है। सीतापुर की एक जनसभा में आकाश ने अपनी सभी सीमाओं को लांघते हुए उत्तर प्रदेश सरकार की तुलना तालिबान से कर डाली। अतीक, मुख्तार अंसारी व शहाबुद्दीन जैसे माफिया का राजनीतिक लाभ के लिए उपयोग बसपा ने भी समय-समय पर किया है।

# सुरक्षा परिषद में सुधार अपरिहार्य



डॉ दिलीप अग्निहोत्री

रूस यूक्रेन और मध्यपूर्व के संघर्ष दुनिया के सामने चुनौती है। संयुक्त राष्ट्र संघ और सुरक्षा परिषद इसका समाधान करने में विफल है। ऐसे में दो बाते स्पष्ट है। एक यह कि सुरक्षा परिषद का वर्तमान स्वरूप पूरी तरह अप्रासंगिक हो चुका है। इसमें तत्काल सुधार और विस्तार की आवश्यकता है। दूसरा यह कि विश्व शांति के लिए भारतीय विचार पर अमल की अवश्यकता है। जिसमें वसुधा को कुटुंब कहा गया। इस प्रकार का भाव जागृत होने पर संघर्ष की स्थिति समाप्त हो जाती है। यूक्रेन रूस और मध्यपूर्व का संघर्ष पूर्वाग्रह और संकुचित विचार से प्रेरित है। यहां स्थाई शांति के लिए सभी पक्षों को उदारता और संयम से कार्य करना होगा। दो वर्षो तक दुनिया कोरोना आपदा से ग्रसित रही। आर्थिक मंदी का दौर रहा। इससे संभलने का मौका मिला तो रूस यूक्रेन युद्ध शुरू हो गया। इसका समाधान हुआ नहीं। अब मध्यपूर्व युद्ध की चपेट में आ गया। यहां सात महीने पूर्व तक शांति थी। लेकिन हमास के आतंकवादियों ने इसराइल पर हमला किया। यह जगजाहिर है कि इसराइल आतंकी हमलों का माकूल जबाब देता है। हिसाब बराबर किए बिना वह चैन से नहीं बैठता है। इस संघर्ष में अब ईरान भी आ गया है। इसराइल को लगता है कि ईरान ही हमास की सहायता कर रहा है। रूस यूक्रेन और मध्यपूर्व युद्ध के समाधान में वैश्विक संस्थाएं विफल है। संयुक्त राष्ट्र संघ युद्ध के समक्ष लाचार दिखाई दे रहा है। सुरक्षा परिषद के स्थाई सदस्य तो परोक्ष अपरोक्ष रुप से युद्ध में सहभागी है। रूस सुरक्षा परिषद का स्थाई सदस्य है। अमेरिका ब्रिटेन आदि यूक्रेन और इसराइल के साथ है। ऐसे में दुनिया को युद्ध से मुक्ति केवल भारतीय चिंतन से संभव है। भारत के वसुधैव कुटुंबकम् विचार पर ही अमल करना होगा। भारत ने इसे जी ट्वेंटी का ध्येय वाक्य बनाया था। मध्यपूर्व का तनाव वैमनस्य पर ही आधारित है। हमास हमले का बाद से इस बार हिंसा शुरू हुई। इसमें हजारों लोग मारे गए है। गाजा में हमास के खिलाफ छह माह से इजराइल के युद्ध चल रहा है। हमास की तरफ से बंधक बनाए लोगों की रिहाई का प्रयास जारी है। इजराइल और हमास ने छह माह से जारी संघर्ष में संभावित युद्धविराम पर ताजा बातचीत के लिए मिस्र में टीम भेजी है। इजराइल साल की शुरूआत से ही गाजा में सैनिकों की संख्या कम कर रहा है। हमास युद्ध को खत्म करने और इजराइली सेना की वापसी के लिए समझौता चाहता है। इजराइल ने कहा कि किसी भी युद्धविराम के बाद, वह हमास को उखाड़ फेंकेगा जिसने उसके विनाश की शपथ ली है।

इजराइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा कि बंधकों की रिहाई के बिना कोई समझौता नहीं होगा। हमास समर्थक ईरान के हमले के बाद इजराइल भी जबाब दे रहा है। इजराइल ने लेबनान और गाजा में हवाई हमले कर जबाब दिया है। कर हमास के तमाम लड़ाकों को मौत की नींद सुला दिया। आतंकवादियों के बुनियादी ढांचे और सैन्य परिसरों सहित हिजबुल्लाह के आतंकी ठिकानों पर हमला किया। इजराइल का आरोप है कि हमास आतंकियों को ईरान आर्थिक व सामरिक सहायता दे रहा है।

ईरान ने इजराइल पर मिसाइल और ड्रोन से हमले किए। अमेरिका और पश्चिमी देशों ने इसकी निंदा की है।



भारतने दोनों देशों से संयम बरतने की अपील की है। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद् की बैठक से पूर्व ईरान की तरफ से अमेरिका को इस संघर्ष से दूर रहने की चेतावनी दी गई। ईरान के स्थाई मिशन ने कहा कि

यूएन चार्टर के अनुच्छेद फिफ्टी वन के आधार पर दमिश्क में ईरानी दूतावास पर हुए हमले के जवाब में सैन्य कार्रवाई की गई थी। सीरिया में वाणिज्य दूतावास पर हमले के बाद ईरान ने बदला लेने की बात कही थी। ईरान ने हमले के लिए इजराइल को जिम्मेदार ठहराया था। इजराइल पर हमास के हमले के बाद से शुरू हुए युद्ध के बीच इजराइल पर हिजबुल्लाह ने बड़ा हमला किया। कुवैत और कतर ने संयुक्त राज्य अमेरिका को चेतावनी दी है कि ईरान पर हमला करने के लिए वह अपने क्षेत्र पर सैन्य अड्डों के उपयोग की अनुमति नहीं देंगे. अमेरिका का खाड़ी देश में बहुत बड़ा सैन्य बेस है जहां चालीस हजार हजार सैनिक तैनात हैं। ईरान और इजराइल के बीच तनाव का यह मसला संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में भी उठ चुका है। इजराइल ने मांग की थी ईरान की सेना को आतंकी संगठन घोषित किया जाए। इस पर ईरान ने अमेरिका से कहा था कि वह हम दोनों के बीच में न आए। संयुक्त राष्ट्र महासचिव ने दोनों देशों से अपील की थी कि वे शांति और संयम से काम लें। पश्चिम एशिया एक और युद्ध झेलने की स्थिति में नहीं है। ईरान के कई परमाणु ठिकाने इसाफान प्रांत में ही स्थित हैं। इनमें ईरान का यूरेनियम संवर्धन का प्रमुख केंद्र भी है। व्स्तुतः

सभ्यताओं के संघर्ष का विस्तृत इतिहास है। आधुनिक समय में भी उसके तत्व विद्यमान है। आतंकी गतिविधियों ने अमेरिका से लेकर यूरोप तक वर्ग विशेष को बेगाना बना दिया है। यहां सर्वधर्म सद्भाव की कोई अवधारणा नहीं है। जबकि समाधान इसी से संभव है। खासतौर पर येरुसलम में यह विचार कसौटी है। यहां स्थायी शांति का अन्य कोई माध्यम नहीं है।

येरुशलम मजहबी रूप से बेहद संवेदनशील क्षेत्र है। यहां से यहूदी, ईसाई व मुसलमानों की आस्था जुड़ी है। इनमें से किसी को भी नजरअंदाज करना संभव नहीं है। इस सम्बंध में कोई भी समाधान शांति व सौहार्द से ही संभव है। यहां सदैव संघर्ष से स्थिति बिगड़ती रही है। इसबार भी यही हुआ। फिलिस्तीनियों ने यथास्थिति का उल्लंघन किया। इस्राइल का सुरक्षाबल इस प्रकार की गतिविधियों को बर्दाश्त नहीं करता। यहीं से संघर्ष प्रारंभ हुआ। बताया गया कि हमास ने इजरायल पर करीब एक हजार रॉकेट दागे हैं। सेंट्रल और दक्षिणी इजरायल में लगातार रॉकेट गए। हमास ने तेल अवीव, एश्केलोन और होलोन शहर पर रॉकेट गए।

दुश्मनों के प्रति इस्राइल की नीति स्पष्ट है। वह छेड़ने वाले को छोड़ता नहीं है। फिलिस्तीनी आतंकी संगठन हमास इस बात से अनजान नहीं है। फिर भी वह समय-समय पर इस्राइल को आजमाता है और प्रत्येक बार उसे भारी नुकसान का सामना करना पड़ता है। इसबार भी ऐसा हुआ। हमास द्वारा दागे गए रॉकेट इजराइल के मिसाइल डिफेंस सिस्टम आयरन डोम से नष्ट कर दिए गए। इस्राइल सजग ना रहता, तो हमास के हमले से यहूदी बस्तियों में बड़ी तबाही होती। इस्राइल ने अपनी चिर परिचित शैली में जवाब दिया। वह तेज हवाई हमले करने के साथ ही जमीनी लड़ाई की भी तैयारी कर रहा है। सीमा पर हथियारबंद टुकड़ियों के साथ रिजर्व सैनिकों को तैनात किया गया है। इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा है कि हमास को इसबार बहुत भारी कीमत चुकानी पड़ेगी। इस्राइल ने फिलिस्तीनी हमास के युद्धविराम प्रस्ताव को भी ठुकरा दिया। इजरायल के निशाने पर मुख्य रूप से हमास का टनल था। इसके अलावा हमास के भूमिगत इंफ्रास्ट्रक्चर को भारी नुकसान हुआ है। 1988 में यासिर अराफात ने मध्यपूर्व में इस्राइल के अस्तित्व को मान्यता देते हुए स्वतन्त्र फिलिस्तीन निर्माण की नीति घोषित की थी। इसके बाद ही समाधान की संभावना दिखाई दी थी। किंतु इस नीति के विरोध में हमास की गतिविधियां बढ़ने लगी थी। इससे इस्राइल को शांति प्रक्रिया रोककर जवाबी कार्यवाई का मौका मिला। इसके लिए उस समय भी हमास ही जिम्मेदार था। मध्यपूर्व में यहूदी राष्ट्र के अस्तित्व को नकारा नहीं जा सकता। अल अक्शा मस्जिद से मुसलमानों की आस्था जुड़ी है। यहूदियों की आस्था यहां के टेंपल माउंट से जुड़ी है। दावा है कि यहां उनके दो प्राचीन पूजा स्थल हैं। जिनमें पहले को किंग सुलेमान ने बनवाया था। बेबीलोन्स ने इसे तबाह कर दिया था। फिर उसी जगह यहूदियों का दूसरा मंदिर बनावाया गया जिसे रोमन साम्राज्य ने नष्ट कर दिया था। इसका उल्लेख बाइबिल में भी बताया जाता है। जाहिर है कि इस्राइलियों का दावा सर्वाधिक प्राचीन है। इस समय यहां इजरायल का कब्जा है। यरुशलम में ही ईसाइयों द चर्च ऑफ द होली सेपल्कर है। मान्यता है कि ईसा मसीह को यहीं सूली पर चढ़ाया गया था। यहीं प्रभु यीशु के पुनर्जीवित हो उठने वाली जगह भी है। 1967 के युद्ध में इजराइल ने पूर्वी यरुशलम पर भी कब्जा कर लिया था। पूरे यरुशलम को ही वह अपनी राजधानी मानता रहा है। फिलिस्तीनी भी इसे अपनी भावी राजधानी के रूप में देखते हैं। इजराइल का वर्तमान भू भाग कभी तुर्की के अधीन था। तुर्की का वह साम्राज्य ओटोमान कहलाता है। जब 1914 में पहले विश्व युद्ध के दौरान तुर्की के मित्र राष्ट्रों के खिलाफ होने से तुर्की और ब्रिटेन के बीच युद्ध हुआ। ब्रिटेन ने युद्ध जीतकर ओटोमान साम्राज्य को अपने अधीन कर लिया। जियोनिज्म विचार के अनुसार यहूदियों ने अपनी मूल व मातृभूमि को पुनः हासिल करने का संकल्प लिया था। संयुक्त राष्ट्र संघ ने अपनी स्थापना के दो वर्ष बाद फिलिस्तीन को दो हिस्सों में बांटने का निर्णय लिया। इस प्रकार इस्राइल अस्तित्व में आया। 1993 में इस्राइली नेतृत्व व अराफात दोनों ने लचीला रुख दिखाते हुए ओस्लो समझौता किया था। इसके अनुसार इस्राइल ने पहली बार फिलिस्तीनी मुक्ति संगठन को मान्यता प्रदान की थी। यह भी तय हुआ था कि पश्चिमी तट के जेरिको और गाजा पट्टी में फिलिस्तीनियों को सीमित स्वयत्तता प्रदान की जाएगी। 1996 में गाजा पट्टी क्षेत्र के करीब दस लाख मतदाताओं ने अट्ठासी सीटों के लिए मतदान किया था। इसी परिषद ने बाद में यासिर अराफात को फिलिस्तीन का राष्ट्रपति निर्वाचित किया था। 1997 में अराफात की पहल पर फिर एक समझौता हुआ। इससे तय हुआ कि पश्चिमी तट का अस्सी प्रतिशत हिस्सा तीन चरणों में फिलिस्तीन को सौप दिया जाएगा।

# राजनीति की कलंक गाथा है कर्नाटक का रेवन्ना सेक्स स्केंडल!



मनोज कुमार अग्रवाल

कर्नाटक का एक ऐसा सैक्स टेप कांड जिसने न सिर्फ पूरे देश को हिला कर रख दिया है वरन राजनीतिक नेताओं के आवरण में छिपे ऐसे शातिर चरित्र को उजागर किया है जिसने भारतीय राजनीति के इतिहास में ऐसा कलंकित दाग लगा दिया है जिसे मिटाना और भुलाना मुश्किल होगा। अभी तक सिर्फ संत के भेष में छिपे आशाराम राम रहीम जैसे लोगों के कुत्सित चरित्र उजागर हुए थे राजनीतिक नेताओं में भी अमरमणी त्रिपाठी तंदूर कांड वाले सुशील शर्मा साक्षी महाराज कुलदीप सैंगर समेत कई नेताओं पर बलात्कार हत्या जैसे संगीन मामलों में आरोपी बन चुके हैं लेकिन मौजूदा मामले में रेवन्ना की कथित पेन ड्राइव जो बयान कर रही है वह राजनीति में छिपे एक बेहद कामुक व अनगिनत महिलाओं के साथ यौन बर्बरता भरी दरिंदगी करने वाले ऐसे राजनीतिक की कलंक कथा का संकेत है जो लम्बे समय तक शर्मसार करती रहेगी हालांकि अभी इस हाइप्रोफाइल प्रकरण की जांच होने पर स्थिति और साफ सामने आएगी।

ज्ञात हो कि पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवेगौड़ा के विधायक बेटे एचडी रेवन्ना और हासन सीट से सांसद पोते प्रज्वल रेवन्ना पर गंभीर आरोप लगे हैं। रेवन्ना पर अपने घर में अनगिनत लड़कियों के साथ यौन शोषण करने, उनका अश्लील वीडियो बना कर उन्हें डराने-धमकाने का सनसनीखेज आरोप है। कर्नाटक सरकार ने जनता दल (सेक्यूलर) के अध्यक्ष एवं पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवेगौड़ा के पोते और हासन से सांसद प्रज्वल रेवन्ना की संलिप्तता वाले कथित 'सेक्स स्कैंडल' की जांच के लिए रविवार को एक विशेष जांच दल गठित किया।कर्नाटक राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष डॉ. नागलक्ष्मी चौधरी द्वारा सरकार को एक पत्र लिखे जाने के बाद यह कदम उठाया गया। रेवन्ना (33) हासन लोकसभा सीट पर राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के उम्मीदवार हैं, जहां 26 अप्रैल को मतदान हुआ। जद (एस) पिछले साल सितंबर में राजग में शामिल हो गया था।

भारतीय पुलिस सेवा के अधिकारियों की तीन सदस्यीय एसआईटी का नेतृत्व अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (सीआईडी) बिजय कुमार सिंह करेंगे। अन्य दो सदस्य, सहायक पुलिस महानिरीक्षक सुमन डी. पेनेकर और मैसुरु की पुलिस अधीक्षक सीमा लाटकर हैं। एसआईटी को शीघ्र अपनी जांच पूरी करने का निर्देश दिया गया है।

प्रज्वल की संलिप्तता वाले कुछ वीडियो क्लिप का हाल के दिनों में हासन में वायरल किया गया है। मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने एसआईटी गठित करने की घोषणा की थी। उन्होंने शनिवार देर रात सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, सरकार ने प्रज्वल रेवन्ना के आपत्तिजनक वीडियो मामले में एक विशेष जांच दल गठित करने का फैसला किया है।मुख्यमंत्री कार्यालय द्वारा जारी एक बयान के अनुसार, पुलिस के पास यह सूचना है कि विधायक एवं पूर्व मंत्री एचडी रेवन्ना के बेटे प्रज्वल देश छोड़कर चले गए हैं। प्रज्वल ने अपने चुनाव एजेंट के जरिए अधिकारियों के समक्ष यह शिकायत दायर की कि वीडियो में छेड़छाड़ की गई है और चुनाव से पहले उनकी छवि धूमिल करने के लिए इसका प्रसार किया जा रहा है। गृहमंत्री जी. परमेश्वर ने कहा, प्रज्वल के विदेश चले जाने के मामले में एसआईटी उन्हें वापस लाने और जांच जारी रखने के लिए जिम्मेदार होगी। हम एसआईटी से नहीं कहेंगे कि जांच कैसे करनी है।

कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार ने कहा, हमारा सिर शर्म से झुक गया है। शिवकुमार, प्रदेश कांग्रेस प्रमुख भी हैं। उन्होंने कहा, मैंने मीडिया में देखा कि वह 'भाग' गए हैं। यह एक अक्षम्य अपराध है। यह शर्म का विषय है। वह एक सांसद हैं और पूर्व प्रधानमंत्री के पोते हैं। एसआईटी पर सरकार के आदेश में कहा गया है कि यौन अपराध को अंजाम देने वालों, इसका वीडियो बनाने वाले और फिर इसे सार्वजनिक करने वाले लोगों को जांच के दायरे में शामिल किया जाए।

आपको बता दें कि इस मामले में 200 अश्लील क्लिप्स वायरल हुई हैं मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक प्रज्वल के करीब 200 से ज्यादा आपत्तिजनक वीडियो वायरल हुए हैं। जबकि कुल 2976 से ज्यादा सेक्स क्लिप्स होने की बात सामने आ रही है। दावा किया गया है कि वायरल वीडियो में दिख रहीं महिलाएं खुद को छोड़ने की गुहार लगाती हुई रो रही हैं और प्रज्वल वीडियो शूट कर रहे हैं। प्रज्वल अपने रसोईये की बेटी से भी आपत्तिजनक बातें और छेड़छाड़ करता था। जिस लिहाज से इस केस में अश्लील फोटो और वीडियो वायरल होने की खबर है, उस हिसाब से इसे भारत का अब तक का सबसे सबसे बड़ा सैक्स कांड कहा जा रहा है।

आपको बता दें कि इस पूरे सेक्स कांड में प्रज्वल का एक पुराना ड्राइवर कार्तिक मीडिया के सामने आया है। कार्तिक वही है, जिसने प्रज्वल के फोन से अश्लील क्लिप्स को कॉपी किया था। कार्तिक ने 17 साल तक प्रज्वल के पास ड्राइवर की नौकरी की। पिछले साल जमीन से जुड़े एक मामले में दोनों के बीच विवाद हुआ और कार्तिक ने नौकरी छोड़ दी। कार्तिक का कहना है कि प्रज्वल और उसके परिवार ने उसकी जमीन को जबरन हथिया लिया और सवाल पूछे जाने पर उसको और उसकी पत्नी को प्रताड़ित किया। प्रज्वल के खिलाफ केस करने के लिए ड्राइवर कार्तिक ने कर्नाटक बीजेपी नेता देवराजे गौड़ा से संपर्क किया। देवराजे गौड़ा हासन में रेवन्ना परिवार के खिलाफ मोर्चा खोलने वाले नेता थे और पेशे से वकील हैं। 2023 में गौड़ा ने रेवन्ना के खिलाफ भाजपा के टिकट पर चुनाव भी लड़ा है। जानकारी के अनुसार जैसे ही प्रज्वल रेवन्ना को इस बात की भनक लगी तो उन्होंने कोर्ट से उनके खिलाफ किसी भी तरह के अश्लील वीडियो या फोटो को प्रसारित करने पर स्टे ले लिया। कार्तिक के मुताबिक, देवराजे गौड़ा ने कोर्ट ऑर्डर के मद्देनजर अश्लील क्लिप की एक कॉपी देने को कहा, जिससे उसे सीधे जज को देकर स्टे वेकेट किया जा सके।

# हिन्दू विवाह पर सर्वोच्च अदालत का स्वागतयोग्य फैसला



ललित गर्ग

देश की सर्वोच्च अदालत ने हिन्दू विवाह को लेकर बड़ा फैसला देकर न केवल हिन्दू विवाह के संस्कारों एवं पारंपरिक रिवाजों को पुष्ट किया है बल्कि उन्हें कानूनी दृष्टि से आवश्यक स्वीकार किया है। आज जबकि हिन्दू विवाह की पवित्रता एवं परम्परा तथाकथित आधुनिक जीवन एवं प्रभाव के कारण धुंधली होती जा रही है, पाश्चात्य संस्कृति की आंधी में हिन्दू विवाह की पवित्रता समाज में समय के साथ घटी है और उसमें सुधार एवं सुदृढ़ता की जरूरत है। जो लोग विवाह को मात्र एक पंजीकरण मानते हैं, उन्हें चेत जाना चाहिए। उन्हें सात फेरों का अर्थ समझना होगा। बिना सात फेरों, हिन्दू रीति-रिवाजों एवं वैवाहिक आयोजनों के कोर्ट की दृष्टि में भी विवाह मान्य नहीं होगा। हिंदू विवाह पर कोर्ट का ताजा फैसला न केवल स्वागतयोग्य है बल्कि इसके दूरगामी परिणाम सुखद होंगे। इससे हिन्दू संस्कृति एवं संस्कारों को बल मिलेगा। पारिवारिक-संस्था को मजबूती मिलेगी।

हिंदू विवाह से जुड़ा यह फैसला सुनाते हुए सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि शादी 'गाने और डांस', 'शराब पीने और खाने' का आयोजन या अनुचित दबाव डालकर दहेज और गिफ्ट्स की मांग करने का मौका नहीं है। विवाह कमर्शियल ट्रांजैक्शन नहीं है। यह एक गंभीर बुनियादी सांस्कृतिक एवं पारिवारिक आयोजन है, जिसे एक पुरुष और एक महिला के बीच संबंध बनाने के लिए मनाया जाता है, जो भविष्य में एक अच्छे परिवार के लिए पति और पत्नी का दर्जा प्राप्त करते हैं। यह भारतीय हिन्दू समाज-व्यवस्था की एक बुनियादी इकाई एवं मजबूत सांस्कृतिक एवं पारिवारिक आयाम है। दरअसल सुप्रीम कोर्ट ने साफ किया है कि बिना सात फेरों के हिन्दू विवाह को मान्यता नहीं मिल सकती है अर्थात शादी के लिए हिन्दू विवाह अधिनियम में जो नियम और प्रावधान बनाए गए हैं उसका पालन करना होगा। इस तरह कोर्ट ने अपने फैसले में हिंदू विवाह अधिनियम 1955 के तहत हिंदू विवाह की कानूनी आवश्यकताओं और पवित्रता को स्पष्ट किया है। अधिनियम के अनुसार, एक हिंदू विवाह किसी भी पक्ष के पारंपरिक संस्कारों और समारोहों के अनुसार संपन्न किया जाएगा। समारोहों में सप्तपदी (दूल्हा और दुल्हन द्वारा पवित्र अग्नि के चारों ओर संयुक्त रूप से सात कदम उठाना) शामिल है, और जब वे सातवां चरण एक साथ लेते हैं तो विवाह पूर्ण और बाध्यकारी हो जाता है। कुल मिलाकर हिन्दू विवाह एक संस्था है, संस्कार है और विवाह कोई व्यावसायिक लेन-देन नहीं है।

कोर्ट ने जोर दिया है कि हिंदू विवाह की वैधता के लिए सप्तपदी (पवित्र अग्नि के चारों ओर सात फेरे) जैसे उचित संस्कार और उससे जुड़े समारोह जरूरी है। विवाद की स्थिति में समारोह के प्रमाण पेश करना जरूरी है। कोर्ट की सात फेरों और उससे जुड़े समारोह का मूल्य समझाने की यह कोशिश हिन्दू विवाह को न केवल मजबूती प्रदान करेंगी बल्कि आधुनिकता की आंधी में धुंधलाते मूल्यों को नियंत्रित करने का काम करेगी। इसमें कोई शक नहीं कि विवाह संस्कार का मूल महत्व पहले की तुलना में कम हुआ है, अब विवाह बहुतों के लिए एक दिखावा, मजबूरी या समझौता भर रह गया है। न्यायमूर्ति बी नागरत्ना ने अपने प्रासंगिक एवं उपयोगी फैसले में बिल्कुल सही कहा है कि हिंदू विवाह एक संस्कार है, जिसे भारतीय समाज में एक महान मूल्य की संस्था के रूप में दर्जा दिया जाना चाहिए। पारंपरिक संस्कारों या सात फेरों जैसी रीतियों के बिना हुए विवाह को हिंदू विवाह अधिनियम की धारा 7 के अनुसार हिंदू विवाह नहीं माना जाएगा। इस वजह से कोर्ट ने युवा पुरुषों और महिलाओं से आग्रह किया हैं कि वो विवाह की संस्था में प्रवेश करने से पहले इसके बारे में गहराई से सोचें और भारतीय समाज में उक्त संस्था कितनी पवित्र है, इस पर विचार करें।

प्रश्न है कि हिन्दू विवाह को लेकर कोर्ट को जागरूक होने एवं हिन्दू संस्कारों को मजबूती देने की जरूरत क्यों पड़ी? हिन्दू विवाह से जुड़े संस्कारों एवं पारंपरिक रीति-रिवाजों को लेकर अनेक मामले कोर्ट की चौखट पर आते रहे हैं, हर बार कोर्ट सजगता, दूरदर्शिता एवं विवेक से विवाह-संस्था से जुड़े मामलों पर अपना नजरिया प्रस्तुत करती रही है। इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ पीठ ने पिछले दिनों यह माना कि हिंदू विवाह अधिनियम के अनुसार, हिंदू विवाह को संपन्न करने के लिए कन्यादान का समारोह जरूरी नहीं है। उस फैसले में भी सप्तपदी के महत्व को दशार्या गया था। मध्यप्रदेश की एक परिवार अदालत के फैसले में महिला पक्ष को यह समझाया गया था कि सिंदूर लगाना एक विवाहित हिंदू महिला का धार्मिक कर्तव्य होता है। सर्वोच्च न्यायालय के ताजा फैसले में ऐसी ही समझाइश की कोशिश झलकती है। कुल मिलाकर, न्यायालय का संदेश यह है कि फिजूल के तमाशे-दिखावे से बचते हुए विवाह के मूल अर्थ को समझना चाहिए। हिंदू विवाह को लेकर अब ज्यादा स्पष्टता की जरूरत है और विशेषतः हिन्दू संस्कारों एवं संस्कृति को बल देने की भी। क्योंकि भारत में परिवार संस्था कायम है तो इसका कारण हिन्दू संस्कार एवं परम्पराएं ही हैं। इस तरह कोर्ट ने अपने फैसले में हिंदू विवाह अधिनियम 1955 के तहत हिंदू विवाह की कानूनी आवश्यकताओं और पवित्रता को स्पष्ट किया है।

हिन्दू विवाह एक आदर्श परम्परा एवं संस्कार है। हिंदू धर्म में विवाह को सोलह संस्कारों में से एक संस्कार माना गया है। विवाह = वि+वाह, अतः इसका शाब्दिक अर्थ है - विशेष रूप से उत्तरदायित्व का वहन करना। पाणिग्रहण संस्कार को सामान्य रूप से हिंदू विवाह के नाम से जाना जाता है। अन्य धर्मो में विवाह पति और पत्नी के बीच एक प्रकार का करार होता है जिसे विशेष परिस्थितियों में तोड़ा भी जा सकता है परंतु हिंदू विवाह पति और पत्नी क बीच जन्म-जन्मांतरों का सम्बंध होता है जिसे किसी भी परिस्थिति में नहीं तोड़ा जा सकता। अग्नि के सात फेरे लेकर और ध्रूव तारा को साक्षी मान कर दो तन, मन तथा आत्मा एक पवित्र बंधन में बंध जाते हैं। यह दो परिवारों का भी मिलन है। हिंदू विवाह में पति और पत्नी के बीच शारीरिक संम्बंध से अधिक आत्मिक संम्बंध होता है और इस सम्बंध को अत्यंत पवित्र माना गया है।

हिन्दू विवाह का न केवल पारिवारिक, सामाजिक एवं सांस्कृतिक महत्व है, बल्कि उसका गहन आध्यात्मिक महत्व भी है। हिंदू धर्म ने चार पुरुषार्थ (जीवन की चार बुनियादी खोज), यानी धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष निर्धारित किया है। विवाह संस्कार का उद्देश्य 'काम' के पुरुषार्थ को पूरा करना और फिर धीरे-धीरे 'मोक्ष' की ओर बढ़ना है। एक पुरुष और महिला के जीवन में कई महत्वपूर्ण चीजें शादी से जुड़ी होती हैं; उदाहरण के लिए, पुरुष और महिला के बीच प्यार, उनका रिश्ता, संतान, उनके माता-पिता, उनके जीवन में विभिन्न सुखद घटनाएं, सामाजिक स्थिति और समृद्धि। हिंदू समाज में एक विवाहित महिला को अत्यंत सम्मान की दृष्टि से देखा जाता है। उसके माथे पर कुमकुम-सिन्दूर के साथ एक महिला की दृष्टि, उसके गले में एक मंगलसूत्र पहने हुए, हरी चूड़ियाँ, पैर के अंगूठे के छल्ले और छह या नौ-यार्ड साड़ी स्वचालित रूप से एक पर्यवेक्षक के मन में उसके लिए सम्मान उत्पन्न करता है। हिंदू विवाह के सात वचनों में से, कम से कम तीन ऐसे हैं, जहां जोडे अपने बुजुर्गो की देखभाल करने का वादा करते हैं। पांचवां वचन अपनी संतान पैदा करने और उसकी देखभाल करने का है।

हाल के वर्षो में, भारत में हिन्दू विवाह परम्परा एवं संस्कृति से अनेक विसंगतियां एवं विकृतियां जुड़ गयी है, डेटिंग संस्कृति की शुरूआत के साथ, लव-मेरिज का प्रचलन बढ़ा है। संभावित दूल्हा और दुल्हन अपने दम पर जीवनसाथी चुनना पसंद करते हैं। आज के रोमांटिक-रिश्ते वास्तव में विवाह नहीं हैं, बल्कि एक नई प्रथा है, जिसके विपरीत प्रभाव से परिवार-संस्था बिखरने लगी है। विवाह के साथ प्रीवेडिंग का प्रचलन भी अनेक विकृतियों का वाहक बना है, बड़े-बडे. भव्य आयोजन एवं होटल संस्कृति ने भी विवाह की पवित्रता को धुंधलाया है। आयोजनों में शराब एवं अन्य नशों का बड़ा प्रचलन भी दुर्घटनाओं का कारण बना है। जिनके कारण विवाह होने से पहले ही उसमें दरारें पड़ते हुए देखी गयी है।

## संक्षिप्त समाचार

### धौलपुर में मिलावटखोरों का बड़ा खेल, रीको एरिया में बगैर दूध के पनीर का व्यापक स्तर का चल रहा गौरख धंधा

- **स्लो पॉयजन से मानव जीवन से किया जा रहा खिलवाड़ जिम्मेदार हुए मौन ?**



**चमकता राजस्थान। धौलपुर (रामदास तरुण)** एक तरफ़ तो राज्य की भजनलाल सरकार शुद्ध के लिए युद्ध अभियान के माध्यम से मिलावटखोरों के प्रति सघन अभियान के द्वारा जीरों टॉलरेंस की निति अपनाकर मिलावटखोरों पर नकेल कसने के बढ़े बढ़े धावें कर रही हैं वहीं धौलपुर के रीको एरिया में मिलावटखोरों द्वारा बेख़ौफ़ होकर व्यापक स्तर पर बिना दूध के पनीर तैयार कर मानव जीवन से खिलवाड़ किया जा रहा है निश्चित रूप से स्लोगन से तैयार पनीर हर समय उपलब्ध है वो भी प्रशासन की नाक गौरतलब है जब भी और जितना भी बगैर दूध का पनीर चाहिए तो धौलपुर रीकों एरिया चले आइए,

- **दूध की बूंद नहीं मिलेगी पनीर चाहोगे जितना मिलेगा**

अगर एक बार अपने बनता हुआ देख लिया तो आप इस जन्म तो क्या सात जन्मों के लिए पनीर की सब्जी खाना छोड़ देंगे, आप एक बार देखेंगे किस चीज को मिलाकर पनीर बनाया जाता है आपकी थाली से सुबते ही गायब हो जाएगी पनीर की सब्जी धौलपुर रीको एरिया में संचालित एक फैक्ट्री में मामला देखने को मिला जहां पर 1 लीटर भी दूध की आवक नहीं है! और हर रोज कुंटलों पनीर का निर्माण किया जाता है यह सब देखने के बाद फैक्ट्री के अंदर से कुछ वीडियो भी सामने आए हैं! एक बार आप खुद ही देखिए किन-किन चीजों को मिलाकर पनीर बनाया जाता है! अखबार के माध्यम से शासन एवं प्रशासन से दरखास्त करना चाहते हैं! कि एक बार जिंदगी में जहर घोल रहे! इन धन्ना सेठों की तरफ प्रशासन जरूर देखें, अन्यथा आने वाली पीढ़ी को यह पैसे के लालच में नष्ट कर देंगे, जानकारी के अनुसार यह भी बताया गया है! कि यह पनीर एक स्लो पॉइजन है, अगर इसको लगातार खाया गया तो आप गंभीर बीमारियों के शिकार हो सकते हैं क्या प्रशासन देखेगा।

### शिव विधायक रवींद्र सिंह को सोशल मीडिया पर धमकी देने के मामले में आरोपी गिरफ्तार

**चमकता राजस्थान। जयपुर/बाड़मेर, 02 अप्रैल।** बाड़मेर जिले से शिव विधायक रविंद्र सिंह भाटी को सोशल मीडिया पर धमकी देने के मामले में पुलिस ने मैसेज भेजने वाले व्यक्ति मगाराम निवासी सारणों का तला, आडेल थाना रागेश्वरी को नामजद कर गिरफ्तार कर लिया है। जिला पुलिस ने आमजन से अपील की है कि सोशल मीडिया पर भ्रामक या गलत एवं आपसी सौहार्द बिगाड़ने जैसी टिप्पणी करने से बचे, अन्यथा कठोर विधिक कार्रवाई की जाएगी।

एसपी नरेंद्र सिंह मीना ने बताया कि शिव विधायक रविंद्र सिंह भाटी को फेसबुक पर गैंगस्टर रोहित गोदारा कपूरीसर के नाम से धमकी भरी पोस्ट की गई थी। वायरल होने पर सूचना मिलते ही सोशल मीडिया सेल द्वारा इस संबंध में जानकारी करते हुए आरोपी मगाराम को नामजद किया गया। इस पर बालोतरा पुलिस की टीम ने त्वरित कार्रवाई कर आरोपी को दस्तयाब किया। जिसे पूछताछ के बाद थाना रागेश्वरी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया।

एसपी मीना ने बताया कि आरोपी मगाराम से पूछताछ की गई तो उसने बताया कि उसने अपने अपने मोबाइल में फेसबुक व इंस्टाग्राम की तीन आईडी मगाराम 04, रोहित गोदारा कपूरीसर व मुकेश उर्फ मगाराम 123 के नाम से बना रखी है। रोहित गोदारा के नाम से उसने करीब 45 दिन पहले ही आईडी बना गूगल से फोटो लेकर प्रोफाइल व कवर फोटो पर लगाई थी।

एसपी मीना ने बताया कि पूछताछ में आरोपी ने आगे बताया कि फेसबुक व इंस्टाग्राम पर विधायक रविंद्र सिंह भाटी व उमेदाराम बेनीवाल के बारे में उसने कमेंट देखे तो आवेश में आकर फर्जी आईडी से सिणधरी व बालोतरा के बीच बस में सफर के दौरान 27 अप्रेल को एक पोस्ट विधायक रविंद्र सिंह की आईडी तथा एक पोस्ट समाचार चैनल राजस्थान तक पर पोस्ट कर धमकी भरा कमेंट कर दिया।

एसपी ने बताया कि पोस्ट वायरल होने के दो-तीन घंटे के अंदर ही मीडिया में खबर आई तो उसने घबरा कर सारे पोस्ट डिलीट कर दिए तथा रोहित गोदारा कपूरीसर वाली आईडी का नाम बदलकर गुमान सिंह जोधपुर के नाम से आईडी बना ली। फिर डरते हुए रात में उस आईडी को भी डिलीट कर दिया।

### टीरा ब्यूटी ने लॉन्च किया नया प्राइवेट लेबल ब्रांड 'नेल्स आवर वे'

**चमकता राजस्थान। नई दिल्ली।** सौंदर्य उत्पादों के बाजार में 'टीरा' ब्यूटी ने एक बार फिर हलचल मचा दी है। रिलायंस रिटेल से जुड़ी टीरा ब्यूटी ने अपने ब्यूटी प्रोडक्ट्स की रेंज को मजबूती देते हुए एक नया प्राइवेट लेबल ब्रांड 'नेल्स आवर वे' लॉन्च किया है। इस नई नेल पॉलिश प्रोडक्ट लाइन में, प्रीमियम नेल कलर और केयर उत्पादों की एक विस्तृत रेंज ग्राहकों को मिलेगी। कंप्लीट लुक की चाह रखने वाले ग्राहकों के लिए 'नेल्स आवर वे' के प्रोडक्ट्स, ऑफिस से लेकर शादी समारोह तक के लिए परफेक्ट मैच है।




'नेल्स आवर वे' के बोल्ड और चमकदार रंगों वाले इस कलेक्शन में कई तरह की नेल पॉलिश शामिल हैं, जिनमें जेल वेल, स्विफ्ट ड्राई, ब्रीथ अवे और ट्रीट कोट नेल खास हैं। प्रोफेशनल और पर्सनल लाइफ दोनों में साथ देने वाले इस कलेक्शन में खूबसूरती के साथ नाखूनों को पोषण और सुरक्षा देने वाले प्रोडक्ट्स का भी लंबा लाइन-अप है। नो बंप बेस, क्यूटी केयर और टफन अप सॉल्यूशन सहित कई बेहतरीन नेल केयर उत्पाद प्रोडक्ट लाइन का हिस्सा हैं। मैनीक्योर के शौकिन ग्राहकों के लिए फ्रेंच 'एम अप और 'नेल्ड इट' जैसी किट्स भी उपलब्ध हैं। 'नेल्स आवर वे' कलेक्शन के प्रोडक्ट्स को टीरा ब्यूटी डॉट कॉम पर ऑनलाइन देखा जा सकता है।

# जयपुर में राष्ट्रीय पत्रकार सम्मेलन हुआ संपन्न

**चमकता राजस्थान**



**जयपुर।** राजस्थान की राजधानी में राष्ट्रीय पत्रकार सम्मेलन का आयोजन समारोह पूर्वक मनाया गया। पिंक सिटी प्रेस क्लब के सभागार में आयोजित समारोह के मुख्य अतिथि डा.गोपाल शर्मा विधायक सिविल लाइंस एवं दैनिक महानगर टाइम्स के प्रधान संपादक के साथ समारोह की अध्यक्षता पूर्व चिकित्सा एवं स्वास्थ्य तथा सूचना प्रसारण कैबिनेट मंत्री डॉ रघु शर्मा ने की।

समारोह के विशिष्ट अतिथियों में प्रेस काउंसिल ऑफ़ इंडिया के सदस्य एवं खबरों की दुनिया दैनिक के प्रधान संपादक डा. एल.सी. भारतीय के साथ इंडिया प्रेस मुंबई के संस्थापक जगदीश पी पुरोहित रहे।

समारोह मे उपस्थित पत्रकारों को मुख्य वक्ता नारायण बारेठ पूर्व राज्य सूचना आयुक्त तथा हरदेव जोशी संचार विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति सनी सेबेस्टियन ने संबोधित करते हुए कहा कि आज पत्रकारों की दशा और दिशा बेहद गंभीर स्थिति में पहुंच चुकी है। विश्व पटल पर पत्रकारिता और उससे जुड़े आंदोलनो की विस्तार से चर्चा करते हुए उन्होंने कहा की एक जमाना था जब ट्रेड यूनियन का वर्चस्व रहा करता था और सरकार गंभीरता से उनके मुद्दों पर निर्णय किया करती थी।

आज इस संक्रमण के दौर में ना तो उसे तरह की पत्रकारिता ही रही है और ना ही सरकारे संवेदनशील है। विधायक गोपाल शर्मा ने पत्रकारों के सम्मुख खुले मन से अपने विचार रखते हुए कहा कि वह विधायक बाद में और पत्रकार पहले हैं। कार्यक्रम के संयोजक अशोक भटनागर को विशेष रूप से उन्होंने संबोधित करते हुए कहा कि एक राष्ट्रीय स्तर का ऐसा आयोजन किया जाए जिसमें कोविद-19 के समय अकाल मृत्यु को ग्रस्त हुए पत्रकारों के परिवारों को उस कार्यक्रम में बुलाकर अधिक से अधिक मदद की जावे।

इसके लिए उन्होंने व्यक्तिगत रूप से कहां की जितनी भी उन परिवारों के उत्थान के लिए मदद की जरूरत होगी मैं वह सभी मदद उपलब्ध करवाने का भरसक प्रयास करूंगा। इस राष्ट्रीय पत्रकार सम्मेलन के दौरान जो विशेष बात सामने आई वह थी ₹राजनीति से ऊपर उठकर डॉ रघु शर्मा तथा गोपाल शर्मा की मित्रता एवं एक दूसरे के आदर और स्नेह का भाव'।

समारोह की अध्यक्षता कर रहे डॉ रघु शर्मा ने कहा कि मैं हमेशा पत्रकार साथियों के साथ हर मोर्चे पर सबसे आगे की पंक्ति में खड़ा नजर आऊंगा। उन्होंने कहा कि जब मैं राजस्थान विश्वविद्यालय छात्र संघ का अध्यक्ष चुना गया तब मेने बहुत से आंदोलन में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। मैं जानता हूं की एकता में कितनी शक्ति होती है।

उपस्थित पत्रकार समूह को आवाहन करते हुए कहा कि आपकी एकजुटता ही आपकी सबसे बड़ी ताकत है। उन्होंने कहा कि आप जब चाहे जहां चाहे मुझे बुलाएंगे मैं हमेशा आपके साथ रहूंगा और आपके हर संघर्ष में आपका बराबर का साथ ही बनकर काम करूंगा।

सभी आमंत्रित विशिष्ट अतिथियों जिन में प्रमुख नाम है, जगदीश पी पुरोहित, एल. सी. भारतीय ,नारायण बारेठ,सनी सेबेस्टियन; प्रेस क्लब के पूर्व अध्यक्ष लल्लू लाल शर्मा ,सत्य पारीक ,मुकेश मीणा तथा राजस्थान फोरम ऑफ वर्किंग जर्नलिस्ट के पदाधिकारी को स्मृति चिन्ह मुख्य अतिथि डॉ. गोपाल शर्मा एवं समारोह के अध्यक्ष डॉ. रघु शर्मा द्वारा प्रदान किया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत में जयपुर के वरिष्ठ गायक कलाकारों ने अपने स्वरों की लहरिया बिखेर कर उपस्थित पत्रकारों का मन मोह लिया। गायन के क्षेत्र में विशेष उपलब्धि रखने वाले सारेगामा फेम लियाकत अली, दूरदर्शन की कलाकार मुग्धा चड्ढा, तथा स्टेज आर्टिस्ट अनुराधा माथुर का भी अतिथियों द्वारा पुष्प हार एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मान किया गया। कार्यक्रम संयोजक अशोक भटनागर ने वर्तमान समय में पत्रकारों की लंबे समय से लंबित मांगों को मुख्य अतिथि विधायक गोपाल शर्मा के सामने रखते हुए कहा कि हम पत्रकारों को आप पर पूर्ण विश्वास है कि जल्द ही राजस्थान ही नहीं अपितु संपूर्ण देश के पत्रकारों के हितों के लिए आप राज्य और केंद्र सरकार में हमारे प्रतिनिधि के रूप में पैरवी करेंगे।

पत्रकार सुरक्षा कानून, पत्रकारों के वेतनमान को लेकर मजीठिया आयोग की रिपोर्ट को लागू करना, पत्रकार आवास समस्या, पत्रकारों को कैशलेस स्वास्थ्य बीमा योजना, अधिस्वीकरण में सरलता तथा लघु एवं मध्य समाचार पत्रों को जीवित रखने के लिए नियमित रूप से सरकार द्वारा विज्ञापन जारी करना, वरिष्ठ एवं वयोवृद्ध पत्रकारों की मासिक सम्मान राशि 15000 से 25000 करना तथा देश में पत्रकारों को उचित मान सम्मान और स्वतंत्र लेखन के लिए माहौल को अनुकूल करना जैसी व्यवस्थाएं लागू करने के लिए सभी साथियों के साथ पार्टी लाइन से ऊपर उठकर गोपाल जी तथा रघु जी पत्रकारों के साथ खड़े रहेंगे। इसी विश्वास के साथ हम पत्रकारों की सभी मांगे जल्द पूर्ण हो इसके लिए जयपुर डिक्लेरेशन ज्ञापन जारी किया जाएगा। जिसे महामहिम राष्ट्रपति, देश के यशस्वी प्रधानमंत्री एवं सभी राज्यों के मुख्यमंत्री को आग्रह पत्र के साथ लोकसभा चुनाव के परिणाम के तुरंत बाद प्रेषित किया जाएगा।

## उदयपुर जिले में थाना नाई पुलिस की कार्रवाई

# ताश के पत्तों पर रूपयों का दांव लगा रहे 18 जुआंरी गिरफ्तार, करीब 1 लाख रुपये जब्त

**चमकता राजस्थान**

जयपुर/उदयपुर!(खलील कुरैशी) 2 मई। उदयपुर जिले की नाई थाना पुलिस व जिला स्पेशल टीम ने संयुक्त कार्रवाई में ताश के पत्तों पर जुआं खेल रहे 18 जुआंरियो को गिरफ्तार कर दाव पर लगे करीब 1 लाख रुपये जब्त किए हैं।एसपी योगेश यादव ने बताया कि जिले में अवैध गतिविधियों की रोकथाम के लिए चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत डीएसटी को मिली सूचना पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गोपाल सिंह मेंवाडा व सीओ गजेंद्र सिंह राव के सुपरविजन एवं एसएचओ नाई नरपत सिंह व डीएसटी के हैड कांस्टेबल अखिलेश के नेतृत्व में विशेष टीम द्वारा संयुक्त रूप से यह कार्रवाई की गई है। थाना क्षेत्र में ताश के पत्तों पर रुपयों का दाव लगा रहे 18 जुआंरियों को गिरफ्तार किया जाकर दाव पर लगे रुपए जब्त किए गए।



- **इन्हें किया गिरफ्तार**

» टीम ने दबिश देकर मौके से आरोपी अयूब हुसैन, मोहम्मद वसीम व महेश निवासी थाना धान मंडी, इरफान पठान, साकिर, आसिफ, शोएब, शाहिद, फिरोज, सोनू खान, सद्दाम व शाहरुख निवासी थाना अम्बामाता, अमृत, पन्नालाल, माधु, धनराज एवं शुभम निवासी नाई तथा देवेंद्र निवासी थाना सूरजपोल को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 1 लाख 3 हजार 370 रुपये जब्त किए गए।

## बाड़मेर पुलिस की बड़ी सफलता:

### शिव विधायक को सोशल मीडिया पर धमकी देने के मामले में आरोपी गिरफ्तार

**चमकता राजस्थान। जयपुर/बाड़मेर, (खलील कुरैशी) 02 अप्रैल।** बाड़मेर जिले से शिव विधायक रविंद्र सिंह भाटी को सोशल मीडिया पर धमकी देने के मामले में पुलिस ने मैसेज भेजने वाले व्यक्ति मगाराम निवासी सारणों का तला, आडेल थाना रागेश्वरी को नामजद कर गिरफ्तार कर लिया है। जिला पुलिस ने आमजन से अपील की है कि सोशल मीडिया पर भ्रामक या गलत एवं आपसी सौहार्द बिगाड़ने जैसी टिप्पणी करने से बचे, अन्यथा कठोर विधिक कार्रवाई की जाएगी।एसपी नरेंद्र सिंह मीना ने बताया कि शिव विधायक रविंद्र सिंह भाटी को फेसबुक पर गैंगस्टर रोहित गोदारा कपूरीसर के नाम से धमकी भरी पोस्ट की गई थी। वायरल होने पर सूचना मिलते ही सोशल मीडिया सेल द्वारा इस संबंध में जानकारी करते हुए आरोपी मगाराम को नामजद किया गया। इस पर बालोतरा पुलिस की टीम ने त्वरित कार्रवाई कर आरोपी को दस्तयाब किया। जिसे पूछताछ के बाद थाना रागेश्वरी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया।एसपी मीना ने बताया कि आरोपी मगाराम से पूछताछ की गई तो उसने बताया कि उसने अपने अपने मोबाइल में फेसबुक व इंस्टाग्राम की तीन आईडी मगाराम 04, रोहित गोदारा कपूरीसर व मुकेश उर्फ मगाराम 123 के नाम से बना रखी है। रोहित गोदारा के नाम से उसने करीब 45 दिन पहले ही आईडी बना गूगल से फोटो लेकर प्रोफाइल व कवर फोटो पर लगाई थी।

एसपी मीना ने बताया कि पूछताछ में आरोपी ने आगे बताया कि फेसबुक व इंस्टाग्राम पर विधायक रविंद्र सिंह भाटी व उमेदाराम बेनीवाल के बारे में उसने कमेंट देखे तो आवेश में आकर फर्जी आईडी से सिणधरी व बालोतरा के बीच बस में सफर के दौरान 27 अप्रेल को एक पोस्ट विधायक रविंद्र सिंह की आईडी तथा एक पोस्ट समाचार चैनल राजस्थान तक पर पोस्ट कर धमकी भरा कमेंट कर दिया।एसपी ने बताया कि पोस्ट वायरल होने के दो-तीन घंटे के अंदर ही मीडिया में खबर आई तो उसने घबरा कर सारे पोस्ट डिलीट कर दिए तथा रोहित गोदारा कपूरीसर वाली आईडी का नाम बदलकर गुमान सिंह जोधपुर के नाम से आईडी बना ली। फिर डरते हुए रात में उस आईडी को भी डिलीट कर दिया।

# बाइक सवार को बचाने में पुलिस की जीप पलटी, एस एच ओ सहित दो जवान घायल

**चमकता राजस्थान**

चौमहला (रमेश मोदी) झालावाड़ जिले के उन्हैल थाना क्षेत्र के सुनारी व चरुड़ी गांव के बीच बड़ौद-गंगधार सड़क पर बाइक को बचाने के चक्कर में थाने की जीप ने पलटी खाई, जिससे जीप में सवार एसएचओ व दो कांस्टेबल घायल हो गए। गंभीर घायल एसएचओ को चौमहला अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद झालावाड़ रैफर किया। सूचना मिलने पर गंगधार डीएसपी कालूराम वर्मा ने अस्पताल पहुंचकर घायल अधिकारियों के हालचाल जाने। डीएसपी कालूराम



वर्मा ने बताया कि शाम को उन्हैल थानाधिकारी भंवर सिंह शक्तावत सरकारी पुलिस जीप से दो कांस्टेबल नैकी राम व राकेश के साथ एक मामले की जांच को लेकर क्षेत्र के कछनारा पंचायत के सुनारी गांव जा रहे थे, तभी सुनारी व चरुड़ी गांव के बीच सड़क पर अचानक सामने से एक बाइक आ गई, जिसे बचाने के चक्कर में जीप पलटी खा गई। ग्रामीणों की मदद से एसएचओ व दोनों कांस्टेबलों को चौमहला अस्पताल लाए, जहां एसएचओ के कंधे में फ्रैक्चर होने पर प्राथमिक उपचार के बाद झालावाड़ अस्पताल रैफर किया तथा दोनों कांस्टेबलों का चौमहला अस्पताल में इलाज जारी है ।

## 1.36 करोड़ रुपये कीमत का 907 किलो डोडा पोस्त व तस्करी में प्रयुक्त इसुजु गाड़ी जब्त

# जालोर जिले में थाना भाद्राजून पुलिस की मादक पदार्थ तस्करी के विरुद्ध बड़ी कार्रवाई

**चमकता राजस्थान**

**जयपुर/जालौर,!(खलील कुरैशी)02 मई।** जालौर जिले की भाद्राजून पुलिस की टीम ने गुरुवार को अवैध मादक पदार्थों की तस्करी के विरुद्ध बड़ी कार्रवाई कर एक इसुजु गाड़ी से 907 किलो अवैध डोडा पोस्त जब्त किया है। जब्त डोडा पोस्त की कीमत करीब 1 करोड़ 36 लाख रुपए आंकी गई है।






एसपी ज्ञान चन्द्र यादव ने बताया कि जिले में अवैध मादक पदार्थों की तस्करी की रोकथाम एवं तस्करों की धर पकड़ के लिए अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान की सफलता के लिए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रामेश्वर लाल व सीओ गौरव अमरावत के सुपरविजन एवं थाना प्रभारी भाद्राजून जेठाराम, एसएचओ नोसरा गुमान सिंह एवं डीएसटी प्रभारी बलदेव राम मय टीम द्वारा भोरड़ा गांव में यह कार्रवाई की गई है।पुलिस ने एक बिना नंबर की इसुजु गाड़ी में रखे 45 प्लास्टिक के कट्टों में भरा कुल 907 किलोग्राम डोडा पोस्त जब्त किया। मादक पदार्थ व गाड़ी को जब्त कर थाना भाद्राजून में एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर अग्रिम अनुसंधान एसएचओ आहोर को सौंपा गया है। पुलिस की टीम अवैध मादक पदार्थ की तस्करी मे शामिल आरोपियों की पहचान कर तलाश कर रही है।

# श्रवण सिंह बगड़ी सँभालेंगे पीएम मोदी और गृह मंत्री शाह की जनसभाओं, रैलियों और रोड शो के प्रबंधन की ज़िम्मेदारी



चमकता राजस्थान

**जयपुर।** राजस्थान भाजपा के प्रमुख नेताओं ने आंध्रप्रदेश में चुनाव से जुड़ी महत्वपूर्ण बागडोर संभाली हुई है। इनमें भाजपा के प्रदेश महामंत्री श्रवण बगड़ी, उपाध्यक्ष श्मुकेश दाधीच, विधायक श्कुलदीप धनकड़, आईटी विभाग के प्रदेश संयोजक अविनाश जोशी तथा सोशल मीडिया के प्रदेश संयोजक हीरेंद्र कौशिक शामिल हैं। यह नेता पिछले पांच दिनों से विजयवाड़ा और प्रदेश के अन्य क्षेत्रों में प्रवास करते हुए लोकसभा चुनाव के लिए केंद्रीय नेतृत्व के निर्देशानुसार कार्य कर रहे हैं।

चुनाव प्रचार के दौरान पीएम मोदी और गृह मंत्री शाह की जनसभाओं, रैलियों और रोड शो के प्रबंधन जैसी प्रमुख ज़िम्मेदारी प्रदेश महामंत्री श्रवण बगड़ी और प्रदेश उपाध्यक्ष मुकेश दधीच को दी गई है।

भाजपा प्रदेश महामंत्री श्रवण सिंह बगड़ी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जनसभाओं की तैयारियों के लिए आंध्रप्रदेश में संचालन करना होगा। वहीं भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष मुकेश दाधीच को भी आंध्र में बूथ मैनेजमेंट सहित जनसभाओं की तैयारियों का जिम्मा सौंपा गया है। इन दोनों नेताओं ने राजस्थान चुनाव के दौरान पीएम मोदी और गृहमंत्री सहित केंद्रीय नेताओं की सभाओं की तैयारियों में अहम भूमिका निभाई थी।

प्रदेश में लोकसभा चुनाव के दोनों चरणों के मतदान के बाद मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने प्रदेश उपाध्यक्ष मुकेश दाधीच और प्रदेश महामंत्री श्रवण सिंह बगडी के चुनाव प्रबंधन की सार्वजनिक रूप से प्रशंसा की थी। चुनाव प्रबंधन और प्रवास कार्यक्रमों के बेहतर समन्वय के चलते ही प्रदेश में पीएम मोदी सहित अन्य केंद्रीय नेताओं की जनसभाओं का सफल बनाया जा सका।

वहीं अविनाश जोशी आंध्र प्रदेश में रहकर उत्तर भारत के मतदाताओं के साथ लगातार संवाद और समन्वय करते हुए, उन्हें भाजपा के पक्ष में मतदान के लिए प्रेरित कर रहे हैं।

भाजपा सोशल मीडिया के प्रदेश संयोजक हीरेंद्र कौशिक, सोशल मीडिया कंटेंट तथा सहयोगी दलों के साथ संवाद कर डिजाइनिंग और ब्रांडिंग का काम कर रहे हैं।

प्रदेश भर में एनडीए गठबंधन की सोशल मीडिया, मीडिया और आईटी कार्यकर्ताओं की बैठक का जिम्मा भी जोशी और कौशिक को मिला है।


विधायक कुलदीप धनकड़ नरसापुरम लोकसभा क्षेत्र के प्रभारी के तौर पर भाजपा के लगातार बागडोर संभाले हुए हैं।

पांचों वरिष्ठ नेता 11 मई तक आंध्र प्रदेश में रहेंगे तथा आंध्र प्रदेश चुनाव प्रभारी राष्ट्रीय महामंत्री श्री अरुण सिंह तथा उत्तर प्रदेश के पूर्व मंत्री श्री सिद्धार्थ सिंह के नेतृत्व में दक्षिण भारत में भारतीय जनता पार्टी की विजय के लिए कार्य कर रहे हैं।

क्षेत्र के प्रवासियों ने भी भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी को विजयवाडा आने का आमंत्रण भेजा है। इनके आमंत्रण पर जोशी 7 मई को प्रवासी राजस्थानियों के साथ संवाद करेंगे।

## संक्षिप्त समाचार

### आरक्षण को लेकर भाजपा की निति स्पष्ट थी तो पीएम को यह कहने की जरूरत क्यों पड़ी कि आरक्षण खत्म नहीं करेंगे : गहलोत



**चमकता राजस्थान। जयपुर (खलील कुरैशी)।** पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा कि मोदी को यह कहने की जरूरत क्यों पड़ी कि हम आरक्षण समाप्त नहीं करेंगे? इन लोगों ने पूर्व में बिना बहस किए जिस प्रकार से संविधान संशोधन किए हैं। लोकसभा और राज्यसभा में कानून पास किए गए। जयपुर में मीडिया से बातचीत में गहलोत ने कहा कि इनके पिछले रिकॉर्ड को देखकर लोग भय खा रहे हैं। इनकी विश्वसनीयता इतनी डाउन हो गई है कि लोगों को लगता है कि 400 पार की बात इसलिए कर रहे हैं कि उनको संविधान बदलना है। अंबेडकर के संविधान को बदलने की जरूरत नहीं है। इसी को लेकर रिएक्शन है।

- **भाजपा के मैनिफेस्टो पर नहीं, कांग्रेस के मैनिफेस्टो पर बोल रहे मोदी**

गहलोत ने कहा कि कांग्रेस मैनिफेस्टो का क्या संबंध है मुस्लिम लीग से ? उसमें जो गारंटी दी गई है। उन्होंने उस पर बहस शुरू कर दी। हर पार्टी अपने मैनिफेस्टो के बारे में चर्चा करती है। उसे एक्सप्लेन करते हैं कि हमने यह अच्छे काम किए हैं। पहली बार देख रहा हूं कि मोदी खुद के मैनिफेस्टो की जगह कांग्रेस के मैनिफेस्टो पर बोल रहे हैं। खुद वाले में तो दम नहीं है। कांग्रेस मैनिफेस्टो में राहुल गांधी की 10 हजार किलोमीटर की यात्रा में आए देश के मुद्दों का निचोड़ है। देश क्या चाहता है, उसका निचोड़ है। मोदी अब उसकी आलोचना करने लगे हैं, व्याख्या करने लगे हैं।

- **जनता कब करवट बदलकर झटका देती है, पता ही नहीं लगता**

पूर्व सीएम ने कहा कि जनता कम पढ़ी-लिखी हो सकती है, लेकिन जनता का कॉमनसेंस शानदार है। जनता ऐसा झटका देती है, मालूम नहीं पड़ता है। हमें तो अनुभव है। इंदिरा गांधी चुनाव हार गई थीं, जिसने पाकिस्तान के दो टुकड़े किए थे। इंडिया शाइनिंग के नारे के बावजूद वाजपेयी चुनाव हार गए थे। पता ही नहीं पड़ेगा कि जनता क्या कब फैसला करेगी? 400 पार तो छोड़िए, अगर एनडीए सरकार चली जाए तो आश्चर्य नहीं करना चाहिए। जनता में भारी रिएक्शन है।

- **कांग्रेस का मैनिफेस्टो और लोकप्रिय हुआ**

गहलोत ने कहा कि महंगाई, बेरोजगारी जनता और कांग्रेस का मुद्दा है। गरीब, अमीर के बीच खाई बन रही है, यह मुद्दा बड़ा है। मैनिफेस्टो में भी यही बातें हैं। गारंटी शानदार दी गई हैं। जब प्रधानमंत्री के लेवल से आलोचना होने लगी है तो लोग कांग्रेस के मैनिफेस्टो को ज्यादा डाउनलोड करने लगे हैं। वह और ज्यादा पॉपुलर हो गया है।

# देर रात राजस्थान पुलिस महकमे में 3 आईपीएएस अधिकारियों का हुआ तबादला

## हेमंत प्रियदर्शी को एनसीआरबी , साइबर क्राइम एवं तकनीकी सेवाओं में मिला एडीजी का प्रभार

- **एसीबी के नए डीजी के रूप में रवि प्रकाश मेहरड़ा संभालेंगे कार्यभार**
- **सचिन मित्तल को भर्ती और पदोन्नति बोर्ड का बनाया गया एडीजी**

चमकता राजस्थान

**जयपुर। (खलील कुरैशी)** कार्मिक विभाग ने भारतीय पुलिस सेवा के 3 वरिष्ठ अधिकारियों डॉ. रवि प्रकाश मेहरड़ा, हेमंत प्रियदर्शी और सचिन मित्तल का तबादला किया है। डॉ. रवि प्रकाश मेहरड़ा भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) के नए महानिदेशक (डीजी) बनाए गए हैं। एसीबी के कार्यवाहक डीजी का जिम्मा संभाल रहे एडीजी हेमंत प्रियदर्शी को एससीआरबी, साइबर क्राइम एवं तकनीकी सेवाओं का अतिरिक्त महानिदेशक (एडीजी) बनाया गया है। वहीं सचिन मित्तल को भर्ती एवं पदोन्नति बोर्ड का एडीजी का जिम्मा दिया गया है। इस संबंध में कार्मिक विभाग के संयुक्त शासन सचिव कनिष्क कटारिया ने आदेश जारी किए हैं।



रवि प्रकाश मेहरड़ा — हेमंत प्रियदर्शी — सचिन मित्तल

- **ऑर्गन ट्रांसप्लांट मामले में भी एसीबी की परफॉर्मेंस आशानुरूप नहीं रही**

» एसीबी डीजी होने के कारण प्रियदर्शी की इसमें जिम्मेदारी तय की गई थी। इसी तरह से ऑर्गन ट्रांसप्लांट मामले में भी एसीबी की परफॉर्मेंस उम्मीद के मुताबिक नहीं रही थी। इसके बाद पूरे मामले की जांच अब जयपुर कमिश्नरेट पुलिस कर रही है।

- **एकल पट्टा मामले में एसीबी ने कहा था कि कोई मामला नहीं बनता**

» सरकार की तरफ से जवाब में एसीबी ने 22 अप्रैल को सुप्रीम कोर्ट में कहा था कि एकल पट्टा प्रकरण में कोई मामला नहीं बनता है। एकल पट्टा प्रकरण में पूरी तरह से नियमों की पालना की गई थी। वहीं, इसमें राज्य सरकार को किसी भी तरह का वित्तीय नुकसान भी नहीं हुआ है। ऐसे में शाति धारीवाल सहित अधिकारियों को क्लीन चिट दे दी थी। इससे सरकार की किरकिरी हुई थी। हालांकि इस मामले में सरकार पहले ही आरपीएस सुरेंद्र सिंह को एपीओ कर चुकी है।

- **राजीव शर्मा के तबादले के बाद खाली था डीजी का पद**

» भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (ACB) में पिछले कुछ समय से डीजी का पद खाली था। ऐसे में एडीजी हेमंत प्रियदर्शी को डीजी पद का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया था। इस साल की शुरुआत में डीजी राजीव शर्मा को डीजी एसीबी नियुक्त किया गया था, लेकिन फिर उनका यहां से तबादला हो गया। इससे पहले बीएल सोनी के तबादले के बाद भी एसीबी डीजी का पद लंबे समय तक खाली रहा था और एडीजी हेमंत प्रियदर्शी ने कार्यवाहक डीजी का पदभार संभाला था।

- **दूदू कलेक्टर मामले में एसीबी से हुई भारी चूक**

» आमतौर पर रिश्वत मांगने की शिकायत होने पर एसीबी सबसे पहले उसका सत्यापन करती है। शिकायत सही पाए जाने पर ट्रेप किया जाता है। इस दौरान एसीबी संबंधित अधिकारी पर नजर रखती है और तैयार रहती है कि अधिकारी कभी भी परिवादी से रिश्वत मांग सकता है। इस हाई प्रोफाइल मामले में पुख्ता सबूत होने के बावजूद एसीबी ने इसे गंभीरता से नहीं लिया। एसीबी अधिकारियों के दावे के अनुसार दूदू कलेक्टर हनुमान मल ढाका ने 15 अप्रैल को साढ़े सात लाख रुपए देने के लिए डाक बंगले पर बुलाया था। इसके बावजूद एसीबी परिवादी के जरिए रिश्वत की राशि का इंतजाम नहीं कर पाई।

# अंबेडकर कॉलोनी में लगी आग, आग लगने से घर का सामान हुआ राख, पीड़ित ने लगाई मदद की गुहार

चमकता राजस्थान। धौलपुर( रामदास तरुण )

बाड़ी शहर की अंबेडकर कॉलोनी अलीगढ़ रोड बाड़ी खाना बनाते समय छप्पर पोस मकान में लगी आग से लाखों का सामान हुआ राख! यह गैस सिलेंडर फटने के कारण आग लगी बताई जा रही है! यह छप्पर पोस मकान गीता ६/ङ्क स्वर्गीय कन्हैयालाल जाति जाटव निवासी अंबेडकर कॉलोनी अलीगढ़ रोड बाड़ी ने बताया कि यह आग गैस सिलेंडर फटने के कारण लगी है! पीड़ित, के घर में लगी पर आग पर मोहल्ले वासियों की





मदद से समर चलाकर आग बुझाई गई, यहां हादसा गुमट चौकी क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली अंबेडकर कॉलोनी अलीगढ़ रोड बाड़ी के एक छप्पर पोस घर में अचानक आग लग गई! जिससे घर के अंदर रखा घरेलू सामान तथा कुछ नगदी जलकर खाक हो गई! जिसे लेकर पुलिस में मामला दर्ज कराया गया! और प्रशासन से मुआवजे की मांग की जा रही है! छप्परपोस मकान में आग लग गई! जिससे घर में रखा समान जिसमें बर्तन, कपड़े, चारपाई, रजाई, गद्दे, गेहूं, तेल, मसाले, आटा आदि जलकर खाक हो गया! तो वहीं घर में रखें! 20000 हजार की नगदी भी रखी हुई थी, वह भी जलकर राख हो गई, अचानक हुए हादसे से पीड़ित तथा उसका परिवार पूरी तरह सड़क पर आ गया है! गीता वेवा w/o स्वर्गीय कन्हैया लाल जाति जाटव, पुत्री लक्ष्मी 10 बर्ष, पुत्र शिव 13 बर्ष, यह दो छोटे-छोटे बालक हैं! घर कोई कमाने वाला नहीं है! जिसे लेकर उसने प्रशासन से सहयोग की मांग की है !पुलिस ने भी मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# ईएचसीसी-फोर्टिस अस्पताल ने क़ानून से बचने के लिए निकाली गली!

## डोनर लाने के लिए दिल्ली की मेड़ सफ़र कंपनी से कर रखा था एमओयू

चमकता राजस्थान

**जयपुर।** जयपुर ऑर्गन ट्रांसप्लांट मामले में जयपुर पुलिस ने पश्चिम बंगाल से गुरुवार को मैड सफर नाम की कंपनी के डायरेक्टर सुमन जाना व दलाल सुखमय नंदी को गिरफ्तार किया। इनसे खुलासा हुआ कि किडनी ट्रांसप्लांट के लिए जयपुर के फोर्टिस और ईएचसीसी अस्पताल ने कानूड कार्यवाही से बचने के लिए फरीदाबाद, दिल्ली की कंपनी से एमओयू कर रखा था। ये कंपनी दलालों के जरिए बांग्लादेश से किडनी डोनर व रिसीवर ढूंढ़ती थी। सौदा तय होने के बाद उनके फर्जी दस्तावेज तैयार करवाए जाते थे और उन्हें जयपुर भेजा जाता था। ट्रांसप्लांट के लिए रिसीवर से रिकॉर्ड पर सिर्फ 8 से 10 लाख रुपए लेना दिखाया जाता था। लेकिन वसूली 25 से 30 लाख रुपए की होती थी।

पुलिस कमिश्नर बीजू जॉर्ज जोसफ ने बताया कि जयपुर पुलिस द्वारा सुमन व सुखमय नंदी पकड़े गए हैं। फरार रांची का दलाल मो. मुर्तजा अंसारी वराजकमल नायक भी इन्हीं की कंपनी में काम करता है। इन्हें पकड़ने के लिए छापेमारी शुरू कर दी गई है । एडिशनल कमिश्नर कैलाश बिश्नोई ने बताया कि फोर्टिस व ईएचसीसी अस्पताल मैड सफर कंपनी के दलालों के जरिए सोशल मीडिया पर प्रचार-प्रसार कर बांग्लादेश में किडनी के ग्राहक तलाश तलाशते थे फिर फ़र्ज़ी दस्तावेजों से ट्रांसप्लांट किए जाते थे ट्रांसप्लांट के बाद डोनर या रिसीवर को कुछ समय जयपुर हॉस्पिटल या आस पास के अस्पताल में रखते फिर दिल्ली या गुरुग्राम में भेज देते हैं, यहाँ से विदेश भेज दिया जाता था।



» पकड़ा गया सुमन जाना,सुखमय नंदी

## संक्षिप्त समाचार

### नेता प्रतिपक्ष जूली चुनावी भागदौड़ के बीच प्राकृतिक शुकुन के लिए पहुंचे सिलीसेढ़ झील

● प्रकृति हमारी मां हैं इसका सरंक्षण हमारा परम कर्तव्य एवं नैतिक जिम्मेदारी है :- टीकाराम जूली




**चमकमता राजस्थान। जयपुर/अलवर! (खलील कुरैशी।** विधान सभा में प्रतिपक्ष के नेता टीकाराम जूली चुनावी भागदौड़ से फुर्सत मिलते ही चुनावी थकान और तनाव दूर करने प्रकृति की शरण में पहुंचे। जहां उनका प्रकृति प्रेम देखने को मिला। जूली अपने निर्वाचन क्षेत्र अलवर ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र में स्थित सिलीसेढ़ बांध पहुंचे और वहां उन्होंने मछलियों को दाना डाला। जूली ने बांध का अवलोकन करते समय बांध में जल जीवों के लिए पर्याप्त व शुद्ध जल भोजन और पर्यावरण संरक्षण की जरूरत महसूस करते हुए सिलीसेढ़ बांध के विकास, विस्तार और सौंदर्याकरण के लिए कार्ययोजना बनाए जाने की आवश्यकता पर विचार किया। उन्होंने कहा कि जल है, तो कल है हमें जल के महत्त्व को समझना होगाए क्योंकि इसका कोई विकल्प नहीं है। कुछ देर प्रकृति की गोद में बैठने के बाद उन्हे सूकुन मिला तो उन्होंने कहा कि प्रकृति हमारी मां है हमें इसके संरक्षण के लिए ठोस कदम उठाए जाने होंगे। इसके बाद जूली नटनी का बारा पहुंचे और बंदरों को केले और अन्य खाद्य सामग्री खिलाई। जूली ने कहा जीवन का असली सुख प्रकृति की गोद में ही है, वहां पहुंचकर जीवन को अच्छे से समझा जा सकता है। जूली ने आह्वान किया कि पर्यावरण संरक्षण की दिशा में और अधिक कार्य किए जाने की आवश्यकता है और प्रकृति संतुलन को बनाए रखना हम सभी का कर्तव्य है।

### भाजपा युवा मोर्चा का ₹एक परिंडा मेरा भी 'पावन अभियान' का भव्य आगाज आज से

● प्रदेश में लगाए जाएंगे 1 लाख परिंड़े : अंकित गुर्जर

**चमकता राजस्थान। जयपुर (खलील कुरैशी)।** भाजपा युवा मोर्चा की ओर से गर्मों के मौसन में पशु पक्षियों के पानी की व्यवस्था के लिए 'एक परिडा मेरा भी' अभियान का आगाज 3 मई से किया जाएगा। भाजपा युवा मोर्चा की ओर से अभियान के तहत प्रदेश भर में। लाख परिंड़े और 1 हजार गानी की टंकी लगाई जाएगे। पशु-पक्षियों के लिए परिंड़े लगाने के साथ ही भाजपा कार्यकर्ताओं की ओर से इनमें पानी डालने तक की जिम्मेदारी तय की जाएगी। भाजपा युवा मोर्चा प्रदेशाध्यक्ष अंकित गुर्जर चेचर्चा ने बताया कि ग्रीष्म काल प्रारंभ होने से गर्मी में बेजुबान पक्षियों के लिए पानी पीने के लिए युवा मोर्चा के कार्यकर्ता संपूर्ण राजस्थान में 1 लाख से अधिक परिंडे लगाएंगे 3 मई को राजधानी जयपुर से पक्षियों के लिए परिंड़े लगाकर ₹एक परिंडा मेरा भी ₹ अभियान की शुरूआत की जाएगी। 17 मई तक चलने वाले इस अभियान में गैर सामाजिक संस्थाओं (एनजीओ) सहित अन्य सामाजिक संस्थाओं, धार्मिक स्थलों की समितियों, इनफ्लुएसरो के व्यक्तियों को जोड़ कर उनको भी जिम्मेदारी दी जाएगी।



### राजस्थान पुलिस कर्मचारियों के बच्चों को अन एकेडमी कोचिंग देगा 50 प्रतिशत छूट

● पुलिस कार्मिकों के बच्चों को शिक्षा के क्षेत्र में बेहतरीन अवसर उपलब्ध करवाने की सकारात्मक पहल :- बीजू जॉर्ज जोसफ



**चमकता राजस्थान। जयपुर (खलील कुरैशी) ।** पुलिस कर्मियों के कक्षा नौ से स्नातक तक के बच्चों को स्कूल के साथ-साथ नीट, आईआईटी, जेईई एवं प्रतियोगी परीक्षाओं की कोचिंग में अन एकेडमी कोचिंग संस्थान पचास फीसदी की छूट देगा। जयपुर पुलिस कमिश्नर बीजू जॉर्ज जोसफ ने बताया कि पुलिस कर्मियों के बच्चों को शिक्षा के क्षेत्र में बेहतरीन अवसर उपलब्ध करवाने में यह पहल काफी सहायक सिद्ध होगा। इससे न केवल पुलिस कर्मियों के बच्चों को नीट, जेईई आदि विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए मदद मिलेगी बल्कि पुलिसकर्मी भी अपनी परिवारिक जिम्मेदारी अच्छे से वहन कर सकेंगे और इसका सकारात्मक प्रभाव पुलिस कर्मचारियों की कार्यक्षमता पर भी पड़ेगा। जयपुर पुलिस कमिश्नर जोसफ ने बताया कि पुलिस कार्मिको की कार्यकुशलता बढ़ाने और उनमें सकारात्मक ऊर्जा बनाए रखने के लिए इस तरह के पहल होते रहें। समाज में अपराध मुक्त वातावरण के लिए पुलिस का सकारात्मक ऊर्जा से भरा होना जरूरी है। इस मुहिम में सहयोग के लिए पुलिस कमिश्नर ने अनएकेडमी शिक्षण संस्थान का आभार भी व्यक्त किया। अनएकेडमी निदेशक ने बताया कि अनएकेडमी एक अग्रणीशैक्षिक मंच है जो नीट, आईआईटी, जेईई के साथ कक्षा ग्यारह और बारह के लिए मूलभूत पाठ्यक्रमों सहित विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए उच्च गुणवत्ता वाली कोचिंग करता है। उल्लेखनीय है कि हाल ही में अनेकाडमी कोटा स्पेशल रैंकर ग्रुप के छात्र नीलकृष्णा गज़ारे ने जेईई मेन्स 2024 में ऑल इंडिया में प्रथम स्थान प्राप्त किया।

---

राजस्थान में एसीबी विभाग की टीम ने दिया ताबड़तोड़ कार्रवाई को अंजाम

# भीलवाड़ा में ग्राम विकास अधिकारी तो केकड़ी में बिजली विभाग का टेक्निशियन रंगे हाथ गिरफ्तार

चमकता राजस्थान

**जयपुर (खलील कुरैशी)** लोकसभा चुनाव का मतदान समाप्त होने के बाद एसीबी की टीम ने अलग-अलग जिलों में कार्रवाई करते हुए भीलवाड़ा में डेढ़ लाख रुपए रिश्वत लेते रंगे ग्राम विकास अधिकारी को रंगे हाथों पकड़ा उल्लेखनीय है कि राजस्थान में करप्ट सरकारी कर्मी और अधिकारियों पर लगातार कार्रवाई हो रही है. एंटी करप्शन ब्यूरो (अउइ) की टीम प्रदेश के अलग-अलग जिलों में ट्रैप की कार्रवाई को अंजाम देते हुए घूसखोर कर्मियों को गिरफ्तार कर रही है. इसी कड़ी में गुरुवार को राजस्थान के दो अलग-अलग जिलों से एसीबी दो अधिकारियों को गिरफ्तार किया है. बड़ी कार्रवाई भीलवाड़ा में हुई. जहां ग्राम विकास अधिकारी को डेढ़ लाख रुपए रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया गया. जबकि दूसरी कार्रवाई केकड़ी जिले में टोंक एसीबी की टीम ने की. यहां बिजली विभाग के सहायक तकनीशियन को 4 हजार रुपए रिश्वत लेते पकड़ा गया.



● **घूसखोर अधिकारी के घर और ठिकानों पर तलाशी जारी**

एसीबी के एडिशनल एसपी हिम्मत सिंह चारण ने कहा कि परिवादी द्वारा शिकायत पर ग्राम विकास अधिकारी ने डेढ़ लाख रुपये रिश्वत राशि की मांग की थी जहां शिकायत का सत्यापन करवाने के बाद आज एसीबी टीम ने 15 हजार ओरिजिनल भारतीय मुद्रा और 1 लाख 35 हजार के डमी करेंसी के साथ परिवादी को ग्राम विकास अधिकारी के पास भेजा. जहां ग्राम विकास अधिकारी ने 1 लाख 50 हजार रुपए की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है जहां एसीबी ने रिश्वत लेने का मामला दर्ज कर ग्राम विकास अधिकारी के आवास व अन्य ठिकानों पर भी तलाश शुरू कर दी है.केकड़ी में विधुत विभाग का टेक्नीशियन रिश्वत लेते गिरफ्तार भीलवाड़ा के अलावा गुरुवार को टोंक में एसीबी ने बिजली विभाग के एक सहायक तकनीशियन को घूस लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया. मिली जानकारी के अनुसार टोंक एसीबी टीम ने टोडाराय सिंह में ट्रैप की कार्रवाई को अंजाम दिया. यहां विधुत कनेक्शन के नाम पर 8 हजार रुपए की रिश्वत की मांग की गई थी. इसी मामले में 4 हजार की रिश्वत लेते जेवीएनएल का सहायक टेक्नीशियन उपेंद्र कुमार को घूस लेते रंगे हाथ पकड़ा गया. तकनीशियन उपेंद्र कुमार केकड़ी जिले के टोडारायसिंह में तैनात है. उसने घरेलू कनेक्शन जारी करने के बदले में रिश्वत की मांग की थी.

● **जमीन का पट्टा जारी करने के लिए घूस ले रहा था ग्राम विकास अधिकारी**

भीलवाड़ा में राजसमंद भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो ने ग्राम विकास अधिकारी को डेढ़ लाख रुपए की रिश्वत लेते गिरफ्तार किया. एडिशनल एसपी हिम्मत सिंह चारण में बताया कि भीलवाड़ा जिले के गंगापुर क्षेत्र के नेगड़िया खेड़ा ग्राम विकास अधिकारी रामलाल माली जब गंगापुर क्षेत्र के सातलियास ग्राम पंचायत में कार्यरत थे तब उन्होंने एक पट्टा जारी करने की ऐवज में रिश्वत की मांग की थी . जहां भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की अतिरिक्त महानिदेशक हेमंत प्रियदर्शनी की निर्देश पर आज राजसमंद भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो ने ग्राम विकास अधिकारी रामलाल माली को 1 लाख 50 हजार रूपये की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है .

---

आरयू की विशेष उन्मुक्त एवं सराहनीय पहल :

## राजस्थान विश्वविद्यालय खेल बोर्ड द्वारा पहली बार ग्रीष्मकालीन शिविर का आयोजन 16 मई से

### कुलपति प्रो. अल्पना कटेजा ने किया पोस्टर विमोचन

चमकता राजस्थान




**जयपुर (का.स.)।** खेल बोर्ड राजस्थान विश्वविद्यालय जयपुर द्वारा पहली बार खेल बोर्ड परिसर में विभिन्न खेलों के लिये ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जिसका पोस्टर विमोचन कुलपति प्रो. अल्पना कटेजा के द्वारा किया गया। प्रो. कटेजा ने अधिक से अधिक प्रतिभागिता के लिए युवाओं का आहवान किया एवं कहा की आज का युवा ही स्वस्थ एवं समृद्ध भारत का भविष्य है। इस ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षण शिविर के आयोजन की पहल खेल बोर्ड, सचिव डॉ. प्रीति शर्मा द्वारा की जा रही है। जिसके आयोजन द्वारा विश्वविद्यालय अपनी सामाजिक दायित्व को निर्वहन करनें की तरफ एक उन्मुक्त कदम बढा रहा है।

इस अवसर पर खेल बोर्ड सचिव, डॉ. प्रीति शर्मा, सहा. निदेशक शारीरिक शिक्षा डॉ. शैलेष मौर्य, सुरेन्द्र मीणा, प्रभु दयाल बेनीवाल उपस्थित रहे। डॉ प्रीति सचिव खेल बोर्ड ने बताया की खेल बोर्ड, राजस्थान विश्वविद्यालय द्वारा निम्नलिखित खेलों और खेल गतिविधियों में 07 से अधिक वर्ष की आयु वर्ग के इच्छुक छात्रो, खिलाडियों तथा अन्य सभी वर्ग के लिये ग्रीष्मकालीन शिविर का आयोजन 16 मई से 05 जून 2024 तक किया जायेगा। इस ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षण शिविर को विशेष रूप से तैयार किया गया है, जिससे खेलो इण्डिया, फिट इण्डिया जैसे खेल कार्यक्रमों को बढावा देने के साथ-साथ बच्चों को खेलों की तरफ आकर्षित करने और उनको उच्च स्तरीय क्रीडा प्रशिक्षण उपलब्ध कराना है। इस प्रशिक्षण शिविर में बच्चो के अलावा किशोरों व वरिष्ठ नागरिकों की शारीरिक फिटनेस और मनोरंजन को ध्यान में रखकर क्रियान्वित किया गया है। सचिव ने बताया की ग्रीष्मकालीन शिविर की विस्तृत सूचना राजस्थान विश्वविद्यालय की वेबसाईट पर उपलब्ध होगी।शिविर के लिये खेल बोर्ड द्वारा गुगल फार्म में ऑनलाईन आवेदन पत्र मांगे गये है। जिसे विश्वविद्यायल की वेबसाईट पर जाकर ऑनलाईन लिंक के माध्यम से भरकर उसकी हार्डकॉपी खेल बोर्ड कार्यालय में जमा करानी होगी। शिविर के लिये प्रत्येक खेल का पंजीकरण शुल्क 100 रूपये होगा एवं खेल सुविधा शुल्क विश्वविद्यालय विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं कर्मचारीगणों एवं उनके आश्रितों के लिये 600 एंव विश्वविद्यालय के बाहरी सदस्यों के लिये 1200 होगा।

---

## श्री श्याम सखी महिला मंडल ने राजस्थानी थीम पर राजपूती पोशाक पहन किया नृत्य

● वर्तमान समय में महिला शक्ति को आत्मनिर्भर होना अतिआवश्यक : दिया कुमारी



**चमकता राजस्थान। जयपुर (खलील कुरैशी)।** गणगौर का त्यौहार निकल जाने के बाद भी महिलाओं में इस त्यौहार को उत्सव में मनाया। श्री श्याम सखी मंडल विजय बाड़ी सीकर रोड़ की ओर से आयोजित कार्यक्रम में महिलाओं ने राजस्थानी थीम पर राजपूती पोशाक पहनकर नृत्य किया। मंडल के मुख्य संरक्षक घनश्याम लक्षकार, फाऊंडर गुड्डी शर्मा, डाक्टर ज्योति गिरीश ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की। मुख्य अतिथि उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी ने महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने पर जोर दिया व बताया कि मंडल के द्वारा महिलाओं का उत्साह वर्धन किया। सांसद प्रत्याशी मंजु शर्मा ने बताया कि इस मंडल की सभी महिलाएं सज-धज कर तैयार होकर गणगौर बनकर आई हैं। उन्होंने बताया कि सरकार ने महिलाओं के लिए जो भी योजनाएं बनाई गई है हमें उसका फायदा मिलेगा। समारोह में महिलाओं की जबरदस्त भीड़ से पूर्व महापौर एवं सलाहकार ज्योति खंडेलवाल उत्साहित नजर आयी। पूर्व महापौर ने महिलाओं का आभार व्यक्त किया और कहा कि महिलाओं को ऐसे कार्यक्रम करते रहना चाहिए। इससे महिलाओं को मंच मिलता है रोजगार से जुड़ने का मौका मिलता है। समाज सेवी सीताराम अग्रवाल ने महिलाओं के प्रति आभार व्यक्त किया व बताया कि इस मंडल को बहुत आगे ले जाना है किसी भी प्रकार की समस्या नहीं आएगी। महिलाएं बहुत आगे बढ़ रही है आज महिलाएं अपने परिवार का पालन पोषण भी कर रही है। अतिथि राधेश्याम गुप्ता ने विजेताओं को पुरस्कृत किया। फाऊंडर गुड्डी शर्मा ने सभी का आभार व्यक्त किया। सांस्कृतिक मंत्री सुमन स्वामी ने डांस के लिए महिलाओं को पूरी तैयारी के साथ प्लेट फार्म तैयार किया जिससे महिलाओं ने जमकर डांस किया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए संतोष गोयल, संगीता वर्मा, गीत शर्मा, सुप्रिया पवार, पूनम सोनी, अनिता गुप्ता, सुमन स्वामी का सहयोग रहा। कूपन ड्रा व डांस विजेताओं को सम्मानित किया गया। लगभग 300 महिलाओं की उपस्थिति से सभी सखियों के चेहरे पर मुस्कान थी। सभी ने स्वादिष्ट व्यंजनों का स्वाद चखा। इस कार्यक्रम की सफलता के लिए मुख्य संरक्षक घनश्याम लक्षकार ने सभी का धन्यवाद व आभार व्यक्त किया।

---

## क्रिकेट संघों में रसूखदार और नेताओं के बेटों का दबदबा

### डूंगरपुर जिला क्रिकेट संघ में गणेश मंदिर महंत का बेटा बना कोषाध्यक्ष

चमकता राजस्थान/जयपुर।

राजस्थान की क्रिकेट मैं अब खिलाड़ियों से ज़्यादा सियासत हावी होती नज़र आ रही है नेता और रसूखदार अपने बेटों को एसोसिएशन के माध्यम से राजनीति में बैकडोर एंट्री करवा रहे हैं!

ऐसा ही एक मामला हुआ जब डूंगरपुर जिला क्रिकेट संघ में मोती डूंगरी गणेश मंदिर महंत कैलाश शर्मा के बेटे अभिषेक शर्मा को निर्विरोध कोषाध्यक्ष बनाया ,इससे पहले पूर्व मंत्री राजेन्द्र राठौड़ के पुत्र पराक्रम राठौड़ को चूरु जिला क्रिकेट संघ का अध्यक्ष बनाया था ,दूसरी ओर नागौर में चिकित्सा मंत्री गजेंद्र सिंह खींवसर के बेटे धनंजय सिंह खींवसर को अध्यक्ष बनाया था, जो अब आरसीए की एडहॉक कमेटी के सदस्य भी हैं। बता दें कि बुधवार रात को चित्तौड़गढ़ में एडहॉक कॉमेटी की घोषणा कर दी। आरसीए का संचालन एडहॉक कमेटी ही कर रही है। बीते चार साल से जयपुर में एडहॉक कमेटी काम कर रही है। अब सवाल ये है कि सरकार बदलने के बाद रजिस्ट्रार सहकारी समिति को जिलों में गड़बड़ नजर आने है । आरसीए के बाद सीकर, चित्तौड़गढ़ में इसके रंग देखने को मिल चुके हैं।

---

## गर्मी के बढ़ते प्रकोप से बचने के लिए सावधानी बरतें आमजन : सीएमएचओ भदालिया

चमकता राजस्थान

**जयपुर (खलील कुरैशी) ।** गर्मी बढने के साथ ही लू-तापघात की सम्भावना को देखते हुए चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की ओरसे चिकित्सा अधिकारियों, कर्मचारियों व आमजन को विशेष अहतियात बरतने के निर्देश दिए गए हैं। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जयपुर द्वितीय डॉ. हंसराज भदालिया ने समस्त बीसीएमओ को गर्मी के मौसम को देखते हुए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं रखने व फील्ड स्टाफ को अलर्ट रहने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने लू-तापघात के रोगियों के लिए कुछ बैड आरक्षित रखते हुए वहां कूलर व शुद्ध पेयजल की व्यवस्था, संस्थान में रोगी के उपचार के लिए आपातकालीन किट में ओआरएस एवं आवश्यक दवाइयां रखने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने लोगों से अपील की है कि जहां तक संभव हो, तेज धूप में न निकलें, अगर जाना पड़े तो शरीर पूर्ण तरह से ढ़का हो। धूप में बाहर जाते समय हमेशा सफेद या हल्के




रंग के ढीले वसूती कपड़ों का उपयोग करें। बहुत अधिक भीड़, गर्म घुटन भरे कमरों में बैठने से बचें। साथ ही रेल या बस आदि की यात्रा अति आवश्यक होने पर ही करें। खाली पेट घर से बाहर न निकलें। भोजन करके एवं पानी पीने के बाद ही घर से बाहर निकलें। ऐसे मौसम में सड़े-गले फल व बासी सब्जियों का उपयोग ना करें। गर्मी मे हमेशा पानी अधिक मात्रा मे पिएं एवं नींबू पानी, नारियल पानी, ज्यूस आदि का प्रयोग करें। उपमुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी (स्वास्थ्य) डॉ. सुरेंद्र कुमार गोयल ने बताया कि शरीर में लवण व पानी अपर्याप्त होने पर विषम गर्म वातावरण में लू-तापघात का कई लक्षणों से पता लगाया जा सकता है। यदि ऐसे में सिर का भारीपन व सिर दर्द हो, अधिक प्यास व शरीर में भारीपन के साथ थकावट लगे तो लू-तापघात हो सकता है। इसके अलावा जी मिचलाना, सिर चकराना, शरीर का तापमान बढ़ना, पसीना आना बंद होना, मुंह का लाल हो जाना, त्वचा का सूखा होना, अत्यधिक प्यास का लगना, बेहोश होना या बेहोशी लगना जैसी स्थिति होने पर लू- तापघात का प्रभाव हो सकता है।प्राथमिक उपचार के तौर पर लू-तापघात से प्रभावित रोगी को तुरंत छायादार जगह व खुली हवा में कपड़े ढ़ीले कर लेटा दें। रोगी को होश में आने पर उसे ठण्डे पेय पदार्थ, जीवन रक्षक घोल, कच्चा आम का पना दें। रोगी के शरीर का ताप कम करने के लिए उसके शरीर पर ठण्डे पानी की पट्टियां रखें। इस प्रक्रिया को तब तक दोहराएं, जब तक की शरीर का ताप कम नहीं हो जाता है। उक्त प्राथमिक उपचार के साथ-साथ प्रभावित मरीज को तुरन्त निकट के स्वास्थ्य केन्द्र ले जाएं।

एक नजर

## बिना फूड लाइसेंस आइस क्यूब बना रही दो फैक्ट्रियां सीज

- खाद्य सुरक्षा आयुक्त इकबाल खान के निर्देशन में दिया गया कार्रवाई को अंजाम
- खाद्य सुरक्षा संयुक्त जांच दल द्वारा कलवाड़ा रोड महापुरा और महिंद्रा सेज रोड महापुरा स्थित फैक्ट्रियों की गयी कार्रवाई



**चमकता राजस्थान। जयपुर। (खलील कुरैशी)** गर्मियों के मौसम में आइसक्रीम एवं अन्य पेय पदार्थ में मिलावट को रोकने हेतु शुरू किए गए विशेष अभियान के अंतर्गत आयुक्त खाद्य सुरक्षा इकबाल खान के निर्देशन,अतिरिक्त आयुक्त खाद्य सुरक्षा पंकज कुमार ओझा के नेतृत्व तथा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जयपुर द्वितीय डॉ. हंसराज भदोलिया के निर्देशन में गुरुवार को खाद्य सुरक्षा अधिकारियों के दल द्वारा कलवाड़ा रोड महापुरा जयपुर स्थित मैसर्स बालाजी आइस क्यूब फैक्ट्री पर कार्रवाई की गई। यह फैक्ट्री बिना फूड लाइसेस के चल रही थी। आइस क्यूब बनाने की इस फैक्ट्री का कोई मेडिकल सर्टिफिकेट नहीं था और ना ही पानी की जांच रिपोर्ट। इसके अलावा गहाँ हाइजीन और सेनिटेशन बहुत ही गंदा पाया गया। शिवानंदपुरी स्थित इस आइस क्यूब बनाने की फैन्ट्री राजू प्रजापत पुत्र सुरजा राम प्रजापत के नाम पर है। तुरंत प्रभाव से फैक्ट्री को सीज कर अग्रिम आदेशों तक निर्माण पर रोक लगाई गई। इसी प्रकार गहिंद्रा रोज रोड गहापुरा स्थित मैसर्स जयपुर कोल्ड स्टोरेज प्राइवेट लिमिटेड पर भी फूड लाइसेंस नहीं मिला। यहाँ बिना पानी की जांच रिपोर्ट के ही खाने योग्य बर्फ बनाई जा रही थी। यह बर्फ बड़ी होटल एव रेस्टोरेंट में सप्लाई की जाती है। इस फैक्ट्री की हाइजीनिक और सेनिटेशन कंडीशन बहुत ही दयनीय पाई गई। जगह-जगह गंदगी एवं कचरा के ढेर पाए गए। मौके पर ना तो कोई पानी की जांच रिपोर्ट मिली और ना ही किसी कर्मचारी का मेडिकल सर्टिफिकेट पाया गया। फैक्ट्री में जिस आरओ प्लांट से पानी काम में लिया जा रहा था, उसके पाइपों में काई जम गई थी। पानी में लार्वा पाया गया। फैक्ट्री अनूप कुमार गर्ग पुत्र महेंद्र कुमार गर्ग के नाम से चल रही थी। इस फैक्ट्री को भी मौके पर सीज किया गया तथा अग्रिम आदेशों तक किसी भी प्रकार के निर्माण नहीं करने के लिए पाबंद किया गया। आज की यह कार्रवाई मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जयपुर प्रथा एवं द्वितीय के खाद्य सुरक्षा अधिकारियों के संयुक्त जांच दल द्वारा कार्रवाई की गई। जिसमें रतन गोदारा, दीपक कुमार सिंधी, रमेश चंद यादव, नरेश कुमार, नरेंद कुमार शमां एवं पवन गुप्ता शामिल रहे

## पट्टीदारों में जमीनी विवाद में जमकर चले लाठी डंडे, दो लोगों की मौत

**जौनपुर।** बरसठी थाना क्षेत्र के पल्टूपुर गांव में जमीनी विवाद को लेकर दो पट्टीदारों में गुरुवार की सुबह मारपीट हो गई। जिसमें दो लोगों को गंभीर चोटें आयीं। आनन-फानन में परिजनों ने उपचार के लिए अस्पताल ले गए,जहां पर दोनों की मौत हो गई। जबकि तीन लोग और भी घायल हैं। सूचना पर पहुंची पुलिस घटना की जांच पड़ताल में जुटी हुई है। पल्टूपुर गांव में दशरथ यादव एवं शेषनाथ यादव के बीच पट्टे की जमीन को लेकर काफी दिनों से विवाद चल रहा था। गुरुवार की सुबह दशरथ यादव अपनी पट्टे की जमीन पर मढ़हा रख रहे थे कि शेषनाथ यादव अपनी जमीन बताकर रोकना शुरू किया और देखते ही देखते लाठी डंडों एवं लोहे की राड से जमकर मारपीट हो गई। मारपीट में दशरथ यादव(60), भाई सुभाष यादव(40), भरत लाल यादव(44) पुत्रगण पारसनाथ यादव एवं सुनील यादव पुत्र दशरथ यादव(23), अमित यादव पुत्र भरत लाल यादव(13) घायल हो गए। सभी घायलों को उठाकर दो घंटे बाद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बरसठी इलाज के लिए ले जाया गया।

## वर्कशॉप के बाहर खड़ी दो कारों में लगी आग

**शहरिद्वार।** मंगलौर थाना क्षेत्र में मंडावली-नारसन बार्डर के पास बालाजी वर्कशॉप के बाहर खड़ी दो कारों में आधी रात को आग लग गई। फायर ब्रिगेड की टीम ने मौके पर पहुंचकर आग को बुझाया। इस घाटना में किसी तरह की जनहानि नहीं हुई है। कार जलकर राख हो गईं। जानकारी के अनुसार बीती आधी रात फायर यूनिट मंगलौर को मंडावली-नारसन बार्डर के पास बालाजी वर्कशॉप के बाहर दो कारों में आग लगने की सूचना मिली। टीम घटनास्थल पर पहुंची और कार में लगी आग को बुझाया। दोनों पुरानी कारें अमरेश कुमार निवासी मंडावली की बताई जा रही है।

पार्किंसंस रोगियों के लिए आशा की एक नई किरण

# नारायणा हॉस्पिटल जयपुर ने प्रदेश स्तरीय चिकित्सा प्रणाली में रचा इतिहास

## सफलता पूर्वक हुई राजस्थान की पहली डीप ब्रेन स्टिमुलेशन सर्जरी

चमकता राजस्थान



जयपुर (का.स.)। नारायणा हॉस्पिटल, जयपुर ने राजस्थान की पहली डीप ब्रेन स्टिमुलेशन (डी.बी.एस) सर्जरी सफलतापूर्वक की है, जो राज्य में मूवमेंट डिसऑर्डर के इलाज में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस प्रक्रिया द्वारा पार्किंसंस रोग, डिस्टोनिया और अन्य कंपन जैसी समस्याओं से जूझ रहे रोगियों को नई उम्मीद जगी है। रोगियों की देखभाल को लेकर नारायणा हॉस्पिटल हमेशा से सजग रहा है और नारायणा हॉस्पिटल का यही प्रयास रहता है कि लोगों को समय रहते उचित परामर्श मिले, ताकि एक स्वस्थ समाज का निर्माण हो पाए। 66 वर्षीय मरीज कृष्णा देवी पिछले छह वर्षों से क्रोनिक पार्किंसंस के लक्षणों से पीड़ित थी। अन्य समस्याओं के अलावा वह खाना खाने, लंबे समय तक बैठे रहने और चलने जैसे साधारण दैनिक कामों को भी करने में असमर्थ थी। फिर उनके किसी रिश्तेदार ने न्यूरोलॉजिस्ट एवं मूवमेंट डिसऑर्डर विशेषज्ञ डॉ. वैभव माथुर के बारे में बताया जिनसे संपर्क में आने के बाद यह पाया गया कि मरीज क्रोनिक पार्किंसंस की समस्या से पीड़ित हैं जिसे डी. बी. एस सर्जरी करने के बाद काफी हद तक सही किया जा सकता है। इसके बाद विशेषज्ञों की एक टीम का गठन किया गया जिसमें न्यूरोसर्जन, न्यूरोलॉजिस्ट, एनेस्थीसिया टीम और अन्य विशेषज्ञ शामिल थे। डी. बी.एस एक मिनिमली इनवेसिव सर्जिकल प्रक्रिया है जो मूवमेंट यानी गति को नियंत्रित करने के लिए मस्तिष्क के विशिष्ट भागों को टारगेट करती है। इसमें एक छोटा पेसमेकर छाती में प्रत्यारोपित किया जाता है और इलेक्ट्रोड के माध्यम से उसकी इलेक्ट्रिक पल्स को दिमाग में भेजा जाता है, जो असामान्य गतिविधि को नियंत्रित करता है और कंपन एवं अन्य मूवमेंट डिस्ऑर्डर के लक्षणों को कम करता है। इस सफलतापूर्वक इलाज का श्रेय राजस्थान के पहले मूवमेंट डिसऑर्डर स्पेशलिस्ट्स और नारायणा हॉस्पिटल, जयपुर के न्यूरोलॉजिस्ट्स डॉ. वैभव माथुर को जाता है, जिन्होंने इस अत्याधुनिक प्रक्रिया को सफलतापूर्वक पूरा किया। डॉ. माथुर ने बताया कि 'रोगी में मूवमेंट डिसऑर्डर के क्रॉनिक लक्षण थे जिन्हें सहन कर पाना रोगी के लिए काफी दर्दनाक हो रहा था, इसलिए हमने इस इनोवेटिव प्रक्रिया को करने का फैसला किया। सर्जरी 4 घटे लंबी थी और एक बार प्रत्यारोपण हो जाने के बाद हमने पेसमेकर को प्रोग्राम करना शुरू कर दिया और कुछ दिनों में ही अच्छे परिणाम दिखने लगे। यह अपनी तरह की पहली डी. बी.एस सर्जरी है जो 1998 के पहले से ही उपयोग में है। हालांकि, इस सर्जरी और उसके बाद की प्रोग्रामिंग के लिए राजस्थान के मरीजों को दिल्ली, मुंबई, बैंगलोर और हैदराबाद की यात्रा करनी पड़ती थी। लेकिन उसी स्तर की विशेषज्ञता अब राजस्थान में भी उपलब्ध है जो पार्किंसंस रोग, डिस्टोनिया और कंपन के रोगियों के लिए वरदान साबित हो सकती है। डॉ. नितिन भाकल,कंसलटेंट न्यूरो सर्जरी, नारायणा हॉस्पिटल, जयपुर ने कहा कि, हमें डी.बी.एस सर्जरी करने वाला राजस्थान का पहला हॉस्पिटल होने पर गर्व है। यह मिनिमली इनवेसिव प्रक्रिया क्रोनिक मूवमेंट डिसआ-ॅर्डर से पीड़ित रोगियों के लिए एक सुरक्षित और प्रभावी उपचार का विकल्प है। उन्होंने यह भी बताया कि इस मरीज की सर्जरी लगभग 4 घंटे चली जिसके बाद मरीज को नया जीवन मिला। नारायणा हॉस्पिटल, जयपुर के क्लिनिकल डायरेक्टर डॉ. प्रदीप कुमार गोयल ने कहा कि हमारा प्रयास हमेशा से मरीजों की देखभाल हेतु समर्पित रहना है। यह उपलब्धि दर्शाती है कि हम रिहेबिलिटेशन प्रोग्राम, निरंतर देखभाल एवं उपचार को लेकर कितने सजग हैं। हम सफल इलाज के माध्यम से मरीज को ठीक करने के साथ ही संपूर्ण देखभाल को लेकर समर्पित रहते हैं।

## रविंद्र सिंह भाटी को जेड प्लस सुरक्षा देने की मांग जयपुर में समर्थकों ने किया प्रदर्शन

- बोले- मांग नहीं मानी तो होगा प्रदेश स्तरीय बड़ा आंदोलन

चमकता राजस्थान



जयपुर। (खलील कुरैशी) विधायक और बाड़मेर-जैसलमेर लोकसभा सीट से चुनाव लड़ रहे निर्दलीय प्रत्याशी रविंद्र सिंह भाटी को सोशल मीडिया पर गैंगस्टर रोहित गोदारा ने जान से मारने की धमकी दी है। इसके बाद रविंद्र सिंह भाटी की सुरक्षा बढ़ाने की मांग को लेकर राजपूत समाज ने प्रदेशभर में विरोध शुरू कर दिया है। गुरुवार को विभिन्न राजपूत संगठनों ने जयपुर कलेक्ट्री का घेराव कर रविंद्र को जेड (१) प्लस सुरक्षा देने की मांग की। राजपूत समाज के प्रतिनिधियों ने कहा- अगर सरकार ने ऐसा नहीं किया तो आने वाले वक्त में प्रदेशभर में राजपूत समाज के साथ 36 कौम के लोग बडा आंदोलन करेंगे। इसके लिए सरकार जिम्मेदार होगी।राजपूत सभा के अध्यक्ष राम सिंह चंदलाई ने कहा- रविंद्र सिंह भाटी जनता द्वारा चुने हुए विधायक हैं। न जाने क्यों सरकार को उनसे ईर्षया हो रही है। उनके खिलाफ जानबूझकर साजिश रची जा रही है।उनके समर्थकों और वोटर्स को परेशान किया जा रहा है। इसके साथ ही रविंद्र को जान से मारने की धमकियां दी जा रही है। इसलिए आज रविंद्र को सुरक्षा देने की मांग को लेकर राजपूत समाज के साथ 36 कौम के लोग जयपुर की सड़कों पर उतरे हैं। अगर सरकार ने जल्द से जल्द उन्हें सुरक्षा मुहैया नहीं करवाई तो हम बड़ा आंदोलन करेंगे। क्योंकि इससे पहले इसी तरह सरकारी लापरवाही की वजह से हम हमारे समाज के सुखदेव सिंह गोगामेड़ी को खो चुके हैं।

- सोशल मीडिया पर मिली थी धमकी, पुलिस ने त्वरित कार्रवाई कर किया गिरफ़्तार

» दरअसल, शुक्रवार को निर्दलीय प्रत्याशी रविंद्र सिंह भाटी को सोशल मीडिया पर रोहित गोदारा कपूरीसर नाम की आईडी से धमकियां दी गई। धमकी वाली पोस्ट में लिखा– रविंद्र सिंह भाटी को स्पष्ट रूप से कह रहा हूं कि अगर इस तरह से उछलने की कोशिश की। वह दिन दूर नहीं होगा कि लोग कहेंगे एक और राजूपत सितारा चला गया हालांकि राजस्थान पुलिस ने त्वरित कार्रवाई कर धमकीदाता को तुरंत प्रभाव से गिरफ़्तार कर लिया

## अमेरिका के कई विश्वविद्यालयों में फिलिस्तीन समर्थकों ने भवनों पर कब्जा किया

वाशिंगटन। एजेंसी



अमेरिका के कई विश्वविद्यालयों के शैक्षणिक भवनों में फिलिस्तीन समर्थकों ने कब्जा कर लिया है। हालात को काबू करने के लिए पुलिस बुलानी पड़ी है। पुलिस ने हिंसा से निपटने के लिए सैकड़ों फिलिस्तीन समर्थक प्रदर्शनकारियों को हिरासत में लिया है। अमेरिका के प्रमुख समाचार पत्र द न्यूयॉर्क टाइम्स ने अपनी रिपोर्ट में हालात की भयावहता पर विस्तार से चर्चा की है। द न्यूयॉर्क टाइम्स की रिपोर्ट के अनुसार, अमेरिकी शैक्षणिक परिसरों में बढ़ती हिंसा से निपटने के लिए पुलिस बुलाई गई है। लगभग सारे अमेरिका में यही हालात है। फिलिस्तीन समर्थक प्रदर्शनकारियों ने डेरा डाल दिया है। कई शैक्षणिक भवनों को अपने कब्जे में ले लिया है। वह यहां से हटने के लिए तैयार नहीं हैं। इन परिसरों में पुलिस दाखिल हो चुकी है। लॉस एंजिल्स का कैलिफोर्निया विश्वविद्यालय हिंसक झड़पों का सबसे बड़ा केंद्र बनकर उभरा है। रिपोर्ट में कहा गया है कि लगभग 200 प्रदर्शनकारियों के एक समूह ने उस भवन को निशाना बनाया जहां फिलिस्तीनी समर्थक जमे हुए हैं। इस समूह ने भवन को गिराने का प्रयास किया।

यहां कई घंटे तक दोनों पक्षों में भीषण टकराव हुआ। दोनों पक्ष भिड़ गिए और एक-दूसरे पर रसायनों का छिड़काव किया। इस हालात पर मेयर एरिक एडम्स ने कहा कि न्यूयॉर्क में लगभग 300 प्रदर्शनकारियों को गिरफ्तार किया गया। इनमें कोलंबिया के छात्र भी शामिल हैं। कोलंबिया स्कूल के अध्यक्ष ने पुलिस से स्नातक स्तर की पढ़ाई पूरी होने तक परिसर में रहने का आग्रह किया है। द न्यूयॉर्क टाइम्स की रिपोर्ट के अनुसार, लगभग दो सप्ताह में अमेरिकी परिसरों में 1,600 से अधिक प्रदर्शनकारियों को हिरासत में लिया गया है।

## सीएम ने शिप्रा नदी में लगाई डुबकी, नदी में गंदगी का मसला उठाने वालों को दिया संदेश

उज्जैन। एजेंसी



प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव गुरुवार सुबह उज्जैन पहुंचे। उन्होंने यहां शिप्रा नदी में डुबकी लगाई। इस डुबकी के जरिए मुख्यमंत्री ने शिप्रा में गंदगी का मसला उठाने वालों को संदेश भी दिया। बता दें कि पिछले दिनों कांग्रेस के लोकसभा प्रत्याशी महेश परमार शिप्रा में गंदगी का उल्लेख करते हुए नदी में उतरे थे और पानी का आचमन भी किया था। दरअसल, मोक्षदायिनी शिप्रा नदी शुद्धिकरण का मुद्दा लोकसभा चुनाव में भी गरमाया हुआ है। बीते सप्ताह रामघाट पर पानी की पाइप लाइन फूटने और सीवेज चैंबर ओवरफ्लो होने से गंदा पानी शिप्रा नदी में मिल गया था। इसके बाद कांग्रेस इस मुद्दे पर आक्रामक हुई थी। कांग्रेस के लोकसभा प्रत्याशी महेश परमार ने नदी में डुबकी लगाकर भाजपा को घेरा था। उन्होंने आरोप लगाया था कि अरबों रुपया खर्च करने के बाद भी नदी के ये हाल हैं। तब भाजपा प्रत्याशी अनिल फिरोजिया ने इसे नौटंकी करार दिया था। गुरुवार को मुख्यमंत्री मोहन यादव उज्जैन आए। वे शिप्रा नदी पर पहुंचे और डुबकी लगाई। मुख्यमंत्री डॉ. यादव गुरुवार को अपने विधानसभा क्षेत्र उज्जैन दक्षिण में प्रचार प्रसार कर कार्यकताओं की बैठक लेंगे। वे उज्जैन में अपने बूथ क्र. 60 पर जनसंपर्क करेंगे। यहां 70 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठों को आयुष्मान भारत के तहत फार्म भरवाएंगे। साथ ही नव मतदाता व लाभार्थियों से मिलेंगे।

## खाई में गिरे युवक को फायर कर्मियों ने बचाया

लोहाघाट। खाई में गिरे एक युवक के लिए फायर ब्रिगेड की टीम देवदूत बनकर आई। फायर कर्मियों ने रात के अंधेरे में कड़ी मशक्कत के बाद युवक को खाई से बाहर निकाला और अस्पताल पहुंचाया। इससे युवक की जान बच गई। लोहाघाट ब्लॉक के ईड़ाकोट क्षेत्र में बुधवार देर रात एक युवक फिसल कर 500 फीट गहरी खाई में जा गिरा। आपातकालीन नंबर 112 से मिली सूचना पर लोहाघाट से फायर कर्मी एफएसएसओ चंदन राम के नेतृत्व में घटना स्थल पर पहुंचे। एफएसएसओ चंदन राम ने बताया कि लोहाघाट का रहने वाला रवि नाम का युवक अपने दोस्तों के साथ घूमने ईड़ाकोट क्षेत्र में गया था, तभी वह फिसल कर 500 फीट नीचे लोहावती नदी के किनारे जा गिरा। सूचना पर फायर टीम मौके पर पहुंची तथा गहरे अंधेरे में टोर्च की मदद से फायर टीम बड़ी मुश्किल से गहरी खाई में उतरी और घायल युवक को स्ट्रेचर व रस्सी की मदद से करीब एक घंटे के कठिन रेस्क्यू के बाद सुरक्षित बाहर निकाला। और लोहाघाट उप जिला चिकित्सालय पहुंचाया। उन्होंने बताया कि रेस्क्यू काफी कठिन था, लेकिन फायर कर्मियों ने अपनी जान जोखिम में डालते हुए रेस्क्यू ऑपरेशन को सफलतापूर्वक पूरा किया।

योजना

बोरवेल खुले पाए गए तो उसके मालिक पर दर्ज होगी एफआईआर

## योजना में लापरवाही बरतने वालों पर कार्यवाही करें: कलेक्टर

रीवा। एजेंसी

कलेक्टर प्रतिभा पाल ने बुधवार को नल-जल योजनाओं की प्रगति तथा पेयजल व्यवस्था की। इस दौरान उन्होंने कहा कि जिन नल-जल योजनाओं का कार्य 90 प्रतिशत पूरा हो गया है, उनका कार्य 15 मई तक पूरा कराकर उसे ग्राम पंचायत को हैण्डओवर कराएं। शेष नल-जल योजनाओं का कार्य 31 मई तक पूरा कराएं। कार्यपालन यंत्री पीएचई नल-जल योजनाओं की प्रगति की हर सप्ताह रिपोर्ट प्रस्तुत करें। नल-जल योजनाओं के निर्माण कार्य में लापरवाही बरतने वालों पर कड़ी कार्यवाही करें। जिन ठेकेदारों की प्रगति 15 प्रतिशत से कम है तथा समयावधि लगभग पूरी हो रही है उन्हें ब्लैक लिस्टेड करें। प्रत्येक घर को नल का

- हैण्डपंपों में राइजर पाइप लगाने के लिए प्रत्येक विकासखण्ड में पर्याप्त मात्रा में राइजर पाइप उपलब्ध कराएं



कनेक्शन देने के लिए तैयार कार्ययोजना में जिन गांव की बस्तियाँ छूट गई हैं उनके पूरक प्रस्ताव 15 मई तक अनिवार्य रूप से शासन को प्रेषित करें।

कलेक्टर ने कहा कि जिले में इस वर्ष औसत से कम वर्षा होने के कारण भूजल स्तर में तेजी से गिरावट हो रही है। पेयजल की आपूर्ति के लिए जहाँ तक संभव हो सतही जल का उपयोग करें। हैण्डपंपों में राइजर पाइप लगाने के लिए प्रत्येक विकासखण्ड में पर्याप्त मात्रा में राइजर पाइप उपलब्ध कराएं। साथ ही वाहन एवं अन्य संसाधनों के साथ हैण्डपंप सुधार के लिए दल तैनात करें। विकासखण्ड एवं जिला स्तर पर पेयजल व्यवस्था के लिए बनाए गए कंट्रोल रूम में प्राप्त सूचनाओं पर तत्काल कार्यवाही करें। जनपद के मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रत्येक ग्राम पंचायत में पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित करें। छोटी-मोटी कठिनाई के कारण जो नल-जल योजनाएं बंद हैं उन्हें सुधारकर तत्काल चालू कराएं। पूर्ण नल-जल योजनाओं को ग्राम पंचायतों को हस्तांतरित कराएं। नल-जल योजनाओं से नल कनेक्शन के बाद ग्राम पंचायत निर्धारित राशि की वसूली करे। लक्ष्य में 70प्रतिशत से अधिक वसूली करने वाली ग्राम पंचायतों को जिला खनिज मद से प्रोत्साहन राशि दी जाएगी। बैठक में कलेक्टर ने कहा कि पूरे जिले में 30 अप्रैल तक अभियान चलाकर अनुपयोगी और खुले बोरवेल बंद कराए गए हैं।

## पांच चरण में मतदान कराने में चुनाव आयोग की भूमिका संदेहास्पद : शरद

मुंबई। एजेंसी



राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरद गुट) के अध्यक्ष शरद पवार ने कहा कि देश में सात चरणों और महाराष्ट्र में पांच चरणों में चुनाव करवाने में चुनाव आयोग की भूमिका संदेहास्पद है। इसके साथ ही चुनाव में मतदान का प्रतिशत घटना और भी चिंताजनक है। एनसीपी नेता शरद पवार ने कहा कि देश की जनता मोदी सरकार से नाराज है, इसी वजह से उनकी भीड़ हमारी सभाओं में दिखती है। मोदी को महाराष्ट्र में पिछले साल की तुलना में कम सीटें मिलेंगी। गर्म मौसम का असर मतदान पर पड़ रहा है। चुनाव आयोग को इस दिशा में उपाय योजना करने की जरुरत है। शरद पवार ने सवाल उठाया कि चुनाव आयोग ने देश में सात चरणों में लोकसभा चुनाव क्यों कराये? इसका समाधानकारक उत्तर चुनाव आयोग नहीं दे सका है। महाराष्ट्र में भी इससे पहले कभी पांच चरण का मतदान नहीं हुआ था। पवार ने कहा कि महाराष्ट्र में अलग-अलग चरणों में चुनाव क्यों? एक चरण में भी चुनाव कराए जा सकते थे।

मोदी बार-बार महाराष्ट्र आ रहे हैं ताकि उन्हें ज्यादा जगहों पर जाने का मौका मिल सके, जानबूझ कर पांच चरणों में चुनाव कराए गए। शरद पवार ने दावा किया कि मतदान प्रतिशत कम होना भी चिंताजनक है। गर्म मौसम का असर है। शहरी मतदान में महाराष्ट्र के बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद है। लोग मोदी सरकार से नाराज हैं। लोग हमारे दौरे में हिस्सा ले रहे हैं।

## एक नजर

### कनाडा ने 2024 टी20 विश्व कप के लिए घोषित की टीम, साद बिन जफर होंगे कप्तान



**ओटावा।** क्रिकेट कनाडा ने आगामी टी20 विश्व कप के लिए गुरुवार को अपनी 15 सदस्यीय टीम की घोषणा की। ऑलराउंडर साद बिन जफर आईसीसी टूर्नामेंट में कनाडाई टीम का नेतृत्व करेंगे। ऑर्थोडॉक्स स्पिनर और कप्तान साद टीम में अनुभव का खजाना लेकर आएंगे, साथ ही बल्लेबाज आरोन जॉनसन और तेज गेंदबाज कलीम सना के भी टीम में शामिल किया गया है। टीम में सिर्फ चार खिलाड़ी 30 साल से कम उम्र के हैं। निखिल दत्ता और श्रीमंथा विजयरत्ने को टीम में जगह नहीं मिली है। इस बीच, तजिंदर सिंह आईसीसी टी20 विश्व कप 2024 के लिए रिजर्व के तौर पर यूएसए और वेस्टइंडीज जाएंगे। आगामी आईसीसी इवेंट टी20 विश्व कप में कनाडा की पहली भागीदारी होगी। साद की टीम को सह-मेजबान अमेरिका, भारत, पाकिस्तान और आयरलैंड के साथ ग्रुप ए में रखा गया है। उत्तरी अमेरिकी टीम 1 जून को डलास में यूएसए के खिलाफ अपने टूर्नामेंट की शुरुआत करेगी।

### स्नूकर विश्व चैम्पियनशिप के क्वार्टर फाइनल में हारे रोनी ओ'सुलिवन



**लंदन।** विश्व के नंबर एक खिलाड़ी रोनी ओ'सुलिवन बुधवार को स्टुअर्ट बिंगहैम से 13-10 से हारकर स्नूकर विश्व चैम्पियनशिप से बाहर हो गए। सात बार के विश्व चैंपियन ने सोमवार को शेफील्ड में रयान डे को 13-7 से हराकर रिकॉर्ड 22वीं बार क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। लेकिन रिकॉर्ड आठवीं बार विश्व चैंपियनशिप का खिताब जीतने की उनकी उम्मीद एक कठिन क्वार्टर फाइनल के बाद खत्म हो गई, क्योंकि 2015 के विश्व चैंपियन बिंगहैम ने आखिरी छह फ्रेम में से पांच फ्रेम अपने नाम कर लिए। इस हार के बाद रोनी विश्व की नंबर 1 रैंकिंग भी खो देंगे जो उन्होंने अप्रैल 2022 से हासिल की थी जबकि मार्क एलन पहली बार इस सूची में शीर्ष पर होंगे। इस बीच, दुनिया के दूसरे नंबर के खिलाड़ी जड ट्रम्प भी सेमीफाइनल में पहुंचने में असफल रहे। 2019 के विश्व चैंपियन ट्रम्प को क्वालीफायर जैक जोन्स ने 13-9 से हरा दिया। जोन्स पिछले साल विश्व चैम्पियनशिप में पहली बार क्वार्टर फाइनल में पहुंचे थे। 30 वर्षीय खिलाड़ी ने क्रूसिबल में अपने दूसरे दौरे में एक कदम और आगे बढ़ते हुए अपने करियर में दूसरी रैंकिंग इवेंट सेमीफाइनल में जगह बनाई।

### डॉर्टमुंड ने चैंपियंस लीग सेमीफाइनल के पहले चरण में पेरिस सेंट-जर्मेन को हराया



**बर्लिन।** निकोलस फुलक्रग के निर्णायक गोल की बदौलत बोरूसिया डॉर्टमंड ने बुधवार रात चैम्पियंस लीग सेमीफाइनल के पहले चरण में पेरिस सेंट जर्मेन पर 1-0 की महत्वपूर्ण बढ़त हासिल कर ली। मैच की शुरुआत बराबरी की रही, दोनों टीमों ने मौके बनाए। डॉर्टमंड के लिए ओस्मान डेम्बेले और मार्सेल सबित्ज़र के पास गोल करने के मौके थे, लेकिन उन्हें सफलता नहीं मिली। मैच के 36वें मिनट में निको श्लोटरबेक ने पीएसजी बॉक्स में एक सटीक क्रॉस दिया, जो फुलक्रुग के पास पहुंचा, जिन्होंने पीएसजी के गोलकीपर जियानलुइगी डोनारुम्मा को छकाते हुए गोल कर डॉर्टमंड को बढ़त दिला दी। डॉर्टमुंड ने दबाव बनाए रखा और मध्यांतर तक अपनी 1-0 की बढ़त बनाए रखी। पीएसजी ने ब्रेक के बाद अपना हमला तेज कर दिया, जिसमें किलियन एमबाप्पे और अचरफ हकीमी ने कुछ ही मिनटों के भीतर पोस्ट पर शॉट मारा, लेकिन बराबरी करने से चूक गए।

# एफआईएच प्रो लीग में घोषित भारतीय महिला टीम में झारखंड के चार खिलाड़ी

● झारखंड की सलीमा टेटे संभालेंगी भारतीय हॉकी टीम की कमान ● अर्जेंटीना के खिलाफ 22 मई को भारतीय टीम खेलेगी पहला मैच



● निक्की प्रधान, सलीमा टेटे, संगीता कुमार और दीपिका सोरेंग शामिल हैं
● दो चरणों में बेल्जियम और इंग्लैंड में होगी
● टूर्नामेंट का पहला चरण बेल्जियम में 22 मई को शुरू होगा और 26 मई तक चलेगा

संवाददाता

**रांची।** भारतीय हॉकी ने गुरुवार को एफआईएच प्रो लीग के लिए घोषित 24 सदस्यीय भारतीय महिला हॉकी टीम में चार खिलाड़ी झारखंड के चुने गए हैं। भारतीय टीम की कमान झारखंड के सिमडेगा की सलीमा टेटे संभालेंगी। टीम की उपकप्तान नवनीत कौर हैं। टूर्नामेंट के लिए भारतीय टीम की कमान संभालने वाली झारखंड के सिमडेगा की सलीमा टेटे को हाल ही में प्लेयर ऑफ द ईयर 2023 के लिए प्रतिष्ठित हॉकी इंडिया बलबीर सिंह सीनियर पुरस्कार से सम्मानित किया गया था। भारतीय टीम में झारखंड की चार खिलाड़ियों का चयन हुआ है, जिनमें निक्की प्रधान, सलीमा टेटे, संगीता कुमार और दीपिका सोरेंग शामिल हैं।



सलीमा टेटे ने वर्ष 2017 में बेलारूस के खिलाफ राष्ट्रीय टीम में पदार्पण किया था। वर्ष 2018 के युवा ओलंपिक खेलों में भारत ने सलीमा की कप्तानी में रजत पदक जीता था। वर्ष 2021 में वह भारतीय ओलंपिक टीम का हिस्सा थी।
उल्लेखनीय है कि एफआईएच प्रो लीग इस बार दो चरणों में बेल्जियम और इंग्लैंड में होगी। टूर्नामेंट का पहला चरण बेल्जियम में 22 मई को शुरू होगा और 26 मई तक चलेगा। इसके बाद टूर्नामेंट का दूसरा चरण इंग्लैंड में 1 जून से शुरू होकर 9 जून तक चलेगा। इस लीग में भारत 22 मई को अर्जेंटीना के खिलाफ अपना पहला मैच खेलेगा। इसके अलावा भारतीय टीम दोनों चरणों में अर्जेंटीना, बेल्जियम, स्पेन, ग्रेट ब्रिटेन और जर्मनी के खिलाफ दो-दो मैच खेलेगी। भारत रैंकिंग में फिलहाल आठ मैचों में आठ अंक लेकर छठे स्थान पर है।

### कूल्हे की चोट के कारण चल रहे मैड्रिड ओपन से हटे जननिक सिनर

**मैड्रिड।** विश्व के दूसरे नंबर के टेनिस खिलाड़ी जननिक सिनर कूल्हे की चोट के कारण चल रहे मैड्रिड ओपन से हट गए हैं, आयोजकों ने बुधवार को उक्त घोषणा की। विश्व के दूसरे नंबर के खिलाड़ी ने मंगलवार को चौथे दौर में करेन खाचानोव को हराया था और आज एटीपी मास्टर्स 1000 स्पर्धा के क्वार्टर फाइनल में उनका सामना फेलिक्स ऑगर-अलियासिमे से होना था। टूर्नामेंट ने एक्स पर एक पोस्ट में घोषणा की, जननिक सिनर ने दाएं कूल्हे की चोट के कारण मुटुआ मैड्रिड ओपन से नाम वापस ले लिया है। परिणामस्वरूप, वह गुरुवार को फेलिक्स ऑगर-अलियासिमे के खिलाफ अपना क्वार्टर फाइनल मैच खेलने के लिए कोर्ट पर नहीं उतरेंगे। मैड्रिड में तीसरी बार खेल रहे 22 वर्षीय इतालवी खिलाड़ी का इस साल 28-2 का रिकॉर्ड है। सिनर ने मियामी में अपना दूसरा एटीपी मास्टर्स 1000 खिताब और ऑस्ट्रेलियन ओपन में अपनी पहली बड़ी चैंपियनशिप अर्जित की। वहीं, 2022 रोलेक्स पेरिस मास्टर्स से चूकने के बाद, कनाडा के ऑगर-अलियासिमे अपने पहले एटीपी मास्टर्स 1000 सेमीफाइनल में पहुंचे, जहां उनका सामना 30वीं वरीयता प्राप्त जिरी लेहेका या तीसरी वरीयता प्राप्त डेनियल मेदवेदेव से होगा।

# आयरलैंड और इंग्लैंड सीरीज के लिए पाकिस्तान की टी20 टीम घोषित, हारिस रऊफ की वापसी

लाहौर। एजेंसी

पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने आयरलैंड और इंग्लैंड के खिलाफ आगामी टी20 सीरीज के लिए राष्ट्रीय टीम की घोषणा कर दी है। स्टार तेज गेंदबाज हारिस रऊफ की टीम में वापसी हुई है। रऊफ कंधे की चोट के कारण हाल ही में समाप्त हुई न्यूजीलैंड सीरीज से बाहर रहे थे। रऊफ के अलावा तेज गेंदबाज हसन अली की भी टीम में वापसी हुई है जो 20 ओवर की सीरीज के लिए आयरलैंड और इंग्लैंड का दौरा करेंगे। पाकिस्तान की पुरुष राष्ट्रीय चयन समिति ने न्यूजीलैंड सीरीज में हिस्सा लेने वाले अधिकांश खिलाड़ियों को टीम में शामिल किया है। सलमान अली आगा को हाल ही में ब्लैक



कैप्स के खिलाफ सीरीज के दौरान रिजर्व में रखा गया था, लेकिन उन्होंने 18 सदस्यीय टीम में अपनी जगह बनाई है। चोट के कारण न्यूजीलैंड सीरीज से बाहर रहने वाले आजम खान को टीम में शामिल किया गया है। इस बीच, न्यूजीलैंड के खिलाफ तीसरे टी20 मैच के दौरान हैमस्ट्रिंग की चोट से पीड़ित मोहम्मद रिजवान को भी टीम में शामिल किया गया है। पाकिस्तान के बल्लेबाज बाबर आजम आयरलैंड और इंग्लैंड में टीम की अगुआई करेंगे।

**दौरे के कार्यक्रम:-**
आयरलैंड श्रृंखला: 10 मई: पहला टी20, डबलिन; 12 मई दूसरा टी20, डबलिन; 14 मई: तीसरा टी20, डबलिन।
इंग्लैंड श्रृंखला: 22 मई: पहला टी20, लीड्स; 25 मई: दूसरा टी20, बर्मिंघम; 28 मई: तीसरा टी20, कार्डिफ; 30 मई: चौथा टी20, लंदन।
पाकिस्तान टीम : बाबर आजम (कप्तान), अबरार अहमद, आजम खान, फखर जमान, हारिस रऊफ, हसन अली, इफ्तिखार अहमद, इमाद वसीम, मोहम्मद अब्बास अफरीदी, मोहम्मद आमिर, मोहम्मद रिजवान, मोहम्मद इरफान खान, नसीम शाह, सैम अयूब, सलमान अली आगा, शादाब खान, शाहीन शाह अफरीदी, उस्मान खान।

# जयपुर : राजस्थान बैडमिन्टन संघ का कैलेण्डर घोषित

जयपुर। एजेंसी



राजस्थान बैडमिन्टन संघ ने अपनी साधारण सभा की बैठक में राजस्थान बैडमिन्टन कैलेण्डर को अंतिम रूप दिया। इसके साथ ही खिलाड़ियों के लिए राज्य प्रतियोगिता के लिए नकद पुरस्कार तीन लाख से बढ़ाकर सवा पांच लाख किया है। वहीं राष्ट्रीय स्तर पर रैंकिंग व चैम्पियनशिप में अच्छा प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को भी नकद पुरस्कार की घोषणा की है। राजस्थान बैडमिन्टन संघ के सचिव केके शर्मा ने गुरुवार को बताया कि राज्य बैडमिन्टन संघ की साधारण सभा की बैठक पिछले दिनों जोधपुर में सम्पन्न में हुई, जिसमें राजस्थान बैडमिन्टन संघ के 2024-25 कैलेण्डर के अनुरूप पहली प्रतियोगिता राज्य रैंकिंग बैडमिन्टन प्रतियोगिता पुरुष व महिला वर्ग में 11 से 15 जुलाई को जोधपुर में कराने का निर्णय किया गया। वहीं राज्य जूनियर अन्तरजिला बैडमिन्टन प्रतियोगिता जोकि 19 वर्ष में होगी वो जयपुर 2 से 7 अगस्त तक आयोजित होगी। सीनियर व जूनियर प्रतियोगिता के आधार पर सीनियर व 19 वर्ष टीम का चयन होगा जो नॉर्थ जोन चैम्पियनशिप में भग लेगी। उन्होंने बताया कि 15 वर्ष वर्ग में राज्य सब-जूनियर बैडमिन्टन चैम्पियनशिप भीलवाड़ा में 27 से 31 अगस्त तक आयोजित होगी। वहीं 17 वर्ष वर्ग में राज्य सब-जूनियर बैडमिन्टन प्रतियोगिता कोटा में 9 से 13 अगस्त को आयोजित होगी। 11 एवं 13 वर्ष वर्ग में सब-जूनियर प्रतियोगिता 11 से 15 अक्टूबर को अजमेर में आयोजित होगी। राज्य सीनियर बैडमिन्टन चैम्पियनशिप 29 नवम्बर से तीन दिसम्बर तक बीकानेर में आयोजित होगी। मास्टर्स बैडमिन्टन चैम्पियनशिप 15 से 19 जनवरी 2025 को बीकानेर में आयोजित होगी। इन प्रतियोगिताओं में राज्य संघ आयोजित करने वाले जिला संघों को राज्य संघ से शटल, मेडल एवं सर्टिफिकेट दिये जाएंगे। केवल उक्त पुरस्कार जूनियर एवं सीनियर वर्ग के लिए लागू होंगे, मास्टर्स प्रतियोगिता के लिए लागू नहीं होंगे। मास्टर्स प्रतियोगिता में राजस्थान टीम जो भाग लेगी उसको टी-शर्ट प्रदान किये जाएंगे। प्रतियोगिता में एन्ट्री फीस एकल छह सौ व युगल 1200 रुपये की गई हैं, वहीं वॉकओवर समय पर नहीं करने पर एक हजार रुपये की पेनल्टी रखी गई है।

**खिलाड़ियों को पुरस्कर दिया जाएगा**

बैठक में खिलाड़ियों को और अधिक प्रोत्साहन के लिए नकद पुरस्कार सीनियर वर्ग में 1 लाख 25 हजार, 19 वर्ष वर्ग में 1 लाख, 17 वर्ष वर्ग में 1 लाख, 15 वर्ष वर्ग में 1 लाख, 11 वर्ष एवं 13 वर्ष वग में 1 लाख रुपये कुल मिलाकर 5 लाख 25 हजार रुपये नकद पुरस्कार रखा गया है। रैंकिंग में प्रथम स्थान पाने वाले को 21 हजार, द्वितीय स्थान वाले 15 हजार तथा तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले को 11 हजार वहीं राष्ट्रीय चैम्पियनशिप में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले को 51 हजार, द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले को 41 हजार तथा तृतीय स्थान वाले को 31 हजार रुपये का नगद पुरस्कार दिया जाएगा।

# उबेर कप 2024: क्वार्टर फाइनल में पूर्व चैंपियन जापान से हारी भारतीय महिला बैडमिंटन टीम

चेंगदू। एजेंसी

भारतीय महिला बैडमिंटन टीम को एकल खिलाड़ियों के शानदार प्रयास के बावजूद गुरुवार को उबेर कप 2024 के अभियान क्वार्टर फाइनल में पूर्व चैंपियन जापान से 0-3 से हार का सामना करना पड़ा। इसी के साथ इस टूर्नामेंट में भारत का सफर समाप्त हो गया। सभी अनुभवी खिलाड़ियों की अनुपस्थिति में, भारतीय युवा दल ने कनाडा और सिंगापुर पर दो शानदार जीत के साथ अंतिम आठ चरण में जगह बनाई थी। शुरुआती एकल मैच में, विश्व की 11वें नंबर की खिलाड़ी अया ओहोरी ने अश्मिता चालिहा को



एक घंटे सात मिनट तक चले मैच में 21-10, 22-24, 21-15 से शिकस्त दी।
इसके बाद नामी मात्सुयामा और चिहारू शिदा की विश्व नंबर 4 जोड़ी ने राष्ट्रीय चैंपियन प्रिया कोनजेंगबाम और श्रुति मिश्रा को 21-8, 21-9 से हराकर जापान की बढ़त को दोगुना कर दिया। अंतिम एकल मुकाबले में इशरानी बरुआ ने पूर्व विश्व चैंपियन नोजोमी ओकुहारा को अच्छी चुनौती दी और शुरुआती गेम में 14-11 की बढ़त भी बनाई, लेकिन अनुभवी जापानी खिलाड़ी ने अगले 11 में से 10 अंक जीतकर बाजी पलट दी।
दूसरा गेम भी पहले गेम जैसा ही रहा क्योंकि दोनों खिलाड़ी 9-9 तक बराबरी पर रहीं, उसके बाद ओकुहारा ने बढ़त बना ली और अंत में 21-15, 21-12 से मैच अपने नाम कर क्वार्टर फाइनल में जापान को जीत दिला दी। थॉमस कप खिताब का बचाव कर रही भारतीय पुरुष टीम क्वार्टर फाइनल में चीन से भिड़ेगी।

## वाणिज्य

यूपीआई जैसी त्वरित भुगतान प्रणाली विकसित करने के लिए हुआ समझौता

# एनपीसीआई ने यूपीआई के लिए बैंक ऑफ नामीबिया के साथ किया समझौता

नई दिल्ली। एजेंसी

भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम (एनपीसीआई) की विदेशी शाखा ने गुरुवार को बैंक ऑफ नामीबिया (बीओएन) के साथ एक समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। ये समझौता नामीबिया के लिए एकीकृत भुगतान इंटरफेस (यूपीआई) जैसी त्वरित भुगतान प्रणाली विकसित करने के लिए किया गया है। एनपीसीआई ने एक बयान में बताया कि अफ्रीकी राष्ट्र में यूपीआई जैसी वास्तविक समय भुगतान प्रणाली विकसित करने के लिए बैंक ऑफ नामीबिया के साथ अपनी साझेदारी महत्वपूर्ण है। ये अंतरराष्ट्रीय बाजार में यूपीआई के लिए किसी केंद्रीय बैंक के साथ हमारा पहला सहयोग है। हम ह्यमेड इन इंडियाह्न तकनीक के साथ नामीबिया के नागरिकों की



सहायता के लिए उत्साहित हैं। दोनों देशों के बीच हुए समझौते का उद्देश्य भारत की यूपीआई प्रौद्योगिकी और अनुभवों का लाभ उठाकर नामीबिया को अपने वित्तीय परिवेश तंत्र को आधुनिक बनाने में मदद करना है। इस समझौते में घरेलू तथा अंतरराष्ट्रीय भुगतान तंत्र के साथ पहुंच, सामर्थ्य व संपर्क और अंतर-संचालन में सुधार करना शामिल है। इस मौके पर एनपीसीआई इंटरनेशनल के सीईओ रितेश शुक्ला ने कहा कि इस प्रौद्योगिकी को सक्षम करने से देश को डिजिटल भुगतान परिदृश्य में संप्रभुता प्राप्त होगी। इसके साथ ही बेहतर भुगतान अंतर-संचालन एवं वंचित आबादी के लिए बेहतर वित्तीय पहुंच से लाभ होगा।
बैंक ऑफ नामीबिया के गवर्नर जोहान्स गवाक्सैब ने कहा कि हमारा मकसद वंचित आबादी के लिए पहुंच और सामर्थ्य को बढ़ाना है। उन्होंने कहा कि 2025 तक भुगतान साधनों की पूर्ण अंतर-संचालनीयता हासिल करना, वित्तीय क्षेत्र का आधुनिकीकरण करना और एक सुरक्षित एवं कुशल राष्ट्रीय भुगतान प्रणाली सुनिश्चित करना है।

# हरे निशान पर खुला शेयर बाजार, सेंसेक्स 205 अंक उछला

नई दिल्ली। एजेंसी

इस हफ्ते के चौथे कारोबारी दिन गुरुवार को घरेलू शेयर बाजार हरे निशान पर खुला। शेयर बाजार के दोनों प्रमुख सूचकांक में बढ़त दिख रही है। बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) का सेंसेक्स 205.15 अंक यानी 0.28 फीसदी की उछाल के साथ 74,687.93 अंक पर ट्रेंड कर रहा है। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज एनएसई का (निफ्टी) भी 64.65 अंक यानी 0.29 फीसदी की बढ़त के साथ 22,669.50 के स्तर पर कारोबार कर रहा है। शेयर बाजार में शुरुआती कारोबार के दौरान बीपीसीएल, हीरो मोटोकॉर्प, महिंद्रा, पावर ग्रिड, बजाज फिनसर्व, अडाणी एंटरप्राइजेज और कोल इंडिया के शेयरों में तेजी जारी है, जबकि कोटक महिंद्रा बैंक, हिंडाल्को, मारुति सुजुकी, डिवीज लैब्स, भारती एयरटेल,



विप्रो और इंफोसिस के शेयर कमजोरी पर ट्रेंड कर रहे थे। हालांकि, निफ्टी आईटी इंडेक्स मामूली कमजोरी पर कारोबार कर रहा है, जबकि बाकी सभी सेक्टोरल इंडेक्स में तेजी दिख रही है। उल्लेखनीय है कि एक मई को मजदूर और महाराष्ट्र दिवस के अवसर पर शेयर बाजार बंद था। इससे पहले 30 अप्रैल को शेयर बाजार में गिरावट के साथ बंद हुआ था। सेंसेक्स 189 अंक की गिरावट के साथ 74,482 के स्तर पर बंद हुआ। वहीं, निफ्टी 38 अंक की गिरावट के साथ 22,604 के स्तर पर बंद हुआ था।

### पेट्रोल-डीजल की कीमत स्थिर, कच्चा तेल 84 डॉलर प्रति बैरल के करीब

**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमत में पहले के मुकाबले कुछ गिरावट आई है। ब्रेंट क्रूड का मूल्य घटकर 84 डॉलर और डब्ल्यूटीआई क्रूड 80 डॉलर प्रति बैरल के करीब आ गया है। सार्वजनिक क्षेत्र की तेल एवं गैस विपणन कंपनियों ने गुरुवार को पेट्रोल-डीजल के मूल्य में कोई बदलाव नहीं किया है। इंडियन ऑयल की वेबसाइट के मुताबिक, दिल्ली में पेट्रोल 94.72 रुपये, डीजल 87.62, मुंबई में पेट्रोल 104.21 रुपये, डीजल 92.15 रुपये, कोलकाता में पेट्रोल 103.94 रुपये, डीजल 90.76 रुपये, चेन्नई में पेट्रोल 100.75 रुपये और डीजल 92.34 रुपये प्रति लीटर की दर पर उपलब्ध है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में हफ्ते के चौथे दिन शुरुआती कारोबार में ब्रेंड क्रूड 83.88 डॉलर प्रति बैरल पर ट्रेड कर रहा है। वहीं, वेस्ट टेक्सस इंटरमीडिएट (डब्ल्यूटीआई) क्रूड 79.43 डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा है।

# अडाणी पोर्ट्स का चौथी तिमाही में मुनाफा 77 फीसदी बढ़कर 2,014 करोड़ रुपये





नई दिल्ली। एजेंसी

अडाणी समूह की कंपनी अडाणी पोर्ट्स ने वित्त वर्ष 2023-24 की चौथी तिमाही के नतीजे का ऐलान कर दिया है। 31 मार्च को समाप्त चौथी तिमाही में अडाणी पोर्ट्स एंड स्पेशल इकोनॉमिक जोन लिमिटेड (एपीएसईजेड) का मुनाफा 76.87 फीसदी बढ़कर 2,014.77 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। एपीएसईजेड ने गुरुवार को शेयर बाजार को जानकारी दी कि 31 मार्च को समाप्त वित्त वर्ष 2023-24 की चौथी तिमाही में उसकी एकीकृत कुल आय बढ़कर 7,199.94 करोड़ रुपये हो गई, जो इससे पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में 6,178.35 करोड़ रुपये थी। इसके अलावा जनवरी-मार्च तिमाही में कुल व्यय बढ़कर 4,450.52 करोड़ रुपये हो गया, जो इससे पिछले वित्त वर्ष की इसी तिमाही में 3,995 करोड़ रुपये था। कंपनी ने कहा कि देश की सबसे बड़ी एकीकृत लॉजिस्टिक्स कंपनी का जनवरी-मार्च तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ 76.87 फीसदी बढ़कर 2,014.77 करोड़ रुपये रहा है। इससे पिछले वित्त वर्ष 2022-23 की समान अवधि में कंपनी को 1,139.07 करोड़ रुपये का मुनाफा हुआ था।

# दिल्ली रोड़ ग्राम कांट में करीब 20 बीघा जेडीए स्वामित्व की बेशकीमती सरकारी भूमि खसरा न. 718, 719, 721 को करवाया कब्जा-अतिक्रमण मुक्त

## जोन-12 बिन्दायिका ग्राम सिवार में गैर मुमकिन आम रास्तें को करवाया कब्जा-अतिक्रमण मुक्त

चमकता राजस्थान

जयपुर (खलील कुरैशी) जयपुर विकास प्राधिकरण के प्रवर्तन प्रक-ोष्ठ द्वारा दिनांक 01..05.2024 को जोन-13 के क्षेत्राधिकार में अवस्थित दिल्ली रोड़ ग्राम कांट में करीब 20 बीघा जेडीए स्वामित्व की बेषकीमती सरकारी भूमि खसरा न. 718, 719, 721 पर कब्जा-अतिक्रमण कर पत्थर, मलबा, टीनषेड़ डाल कर तारबंदी कर, मिट्टी की मैड़, बाउण्ड्रीवाल बनाकर, सीमेन्ट के पिल्लर इत्यादि लगाकर किये गये कब्जें-अतिक्रमणो को आज जोन-13 के राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा जेसीबी मषीन व मजदूरों की सहायता से हटवाया जाकर जेडीए स्वामित्व की बेषकीमती सरकारी भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराया जाकर जेडीए सम्पत्ति के बोर्ड लगवाये गये।उक्त कार्यवाही प्रवर्तन अधिकारी जोन- 13, 07 तथा प्राधिकरण में उपलब्ध जाप्ते, लेबर गार्ड, एवं जोन में पद

### नगर निगम ग्रेटर जयपुर के साथ सामूहिक अभियान का आयोजन कर सुओमोटो के तहत अवैध कब्जे-अतिक्रमणों को हटवाया जाकर रोड सीमा को अतिक्रमण मुक्त करवाया गया।




स्थापित राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वा-रा सम्पादित की गई।जोन-08 नगर निगम ग्रेटर जयपुर के साथ सामूहिक अभियान का आयोजन कर सुओमोटो के तहत चोराडियां पैट्रोल से मालपुरा रोड़ तक एवं सांगानेर में मैंन मार्केट के सामने 04 किमी. तक रोड़ पर अवैध रूप से किये गये करीब 112 अतिक्रमणों थडी ठेले, त्रिपाल, होर्डिग , साइन बोर्ड, इत्यादि अवैध कब्जे-अतिक्रमणों को हटवाया जाकर रोड सीमा को अतिक्रमण मुक्त करवाया गया।

(2).प्रवर्तन प्रकोष्ठ द्वारा दिनांक 01.05.2024 को नगर निगम ग्रेटर के साथ सामूहिक अभियान के तहत जोन-08 के क्षेत्राधिकार में अवस्थित चोराड़िया पैट्रोल पम्प से मालपुरा रोड़ एवं मैंन सांगानेर मार्केट के सामने रोड़ पर अवैध रूप से कब्जा-अतिक्रमण कर करीब 112 स्थानों पर लगाये गये टीनषेड, थडी ठेले, त्रिपाल, होर्डिग साइन बोर्ड, टेबल कुर्सियां इत्यादि अवैध कब्जे-अतिक्रमणों को नगर निगम ग्रेटर के साथ सामूहिक अभियान का आयोजन कर जोन-08 के राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा जेसीबी मषीन व मजदूरों की सहायता से हटवाया जाकर रोड सीमा को अतिक्रणमण मुक्त कराया गया। नगर निगम कि जाप्ते के द्वारा सामान जप्त किया गया। उक्त कार्यवाही प्रवर्तन अधिकारी जोन-04 तथा प्राधिकरण में उपलब्ध जाप्ते, लेबर गार्ड, नगर निगम ग्रेटर का जाप्ता एवं जोन में पदस्थापित राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा सम्पादित की गई।

### जोन-12:बिन्दायिका ग्राम सिवार में गैर मुमकिन आम रास्तें को करवाया कब्जा-अतिक्रमण मुक्त

» 1 प्रवर्तन प्रकोष्ठ द्वारा दिनांक 01.05.2024 को जोन–12 के क्षेत्राधिकार में अवस्थित बिन्दायिका ग्राम सिवार कें खसरा नं. 255 गैर मुमकिन आम रास्तें पर अवैध कब्जा–अतिक्रमण कर मिट्टी की डोल बनाकर तारबंदी कर रूप से खेती की जा रही थी। आम रास्ता अवरूद्ध कर रखा था जिससे स्थानीय लोगों आमजन को रास्ते को लेकर भारी समस्या का सामना करना पड रहा था जिसकी षिकायत प्राप्त होने पर जोन–12 के राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा जेसीबी मषीन व मजदूरों की सहायता से हटवाया जाकर गैर मुमकिन आम रास्तें को अतिक्रणमण मुक्त कराया गया। उक्त कार्यवाही प्रवर्तन अधिकारी जोन–12, 10, पुलिस लाईन से प्राप्त अतिरिक्त पुलिस बल तथा प्राधिकरण में उपलब्ध जाप्ते, लेबर गार्ड, तथा जोन में पदस्थापित राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा सम्पादित की गई।

## संक्षिप्त समाचार

### कोटा जिले में थाना अनन्तपुरा पुलिस की सफलताः

### लापता कोचिंग छात्रा को पुलिस ने लुधियाना से किया दस्तयाब, वृन्दावन के मन्दिरों मे गुजारा समय

**चमकता राजस्थान। जयपुर/कोटा !(खलील कुरैशी) 02 मई।** कोटा में 10 रोज पहले थाना अनन्तपुरा स्थित पीजी से टेस्ट देने कोचिंग के लिए निकली लापता छात्रा तृप्ति सिंह को पुलिस ने पंजाब के लुधियाना से दस्तयाब कर लिया। छात्रा को लुधियाना में ही पुलिस ने परिजनों से मिलवा कर सुपुर्द कर दिया। इस दरमियां छात्रा तृप्ति ने अपना पूरा समय वृंदावन के मंदिरों में गुजारा कोटा शहर पुलिस अधीक्षक डॉ. अमृता दुहन ने बताया कि कोचिंग छात्रा तृप्ति सिंह थाना अनन्तपुरा स्थित गोबरिया बावडी ट्रासपोर्ट नगर में एक पीजी हॉस्टल मे रहकर नीट की तैयारी कर रही थी। वह 21 अप्रैल को साप्ताहिक टेस्ट के लिए पीजी से कोंचिग के लिए निकली, लेकिन वापिस नही आई। इस पर पीजी संचालिका ने 23 अप्रैल को थाना अनन्तपुरा पर गुमशुदगी दर्ज करवाई ओर गुमशुदगी दर्ज होने पर घरवालो को सूचना दी गई।

कोचिंग छात्रा के अचानक लापता हो जाने पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दिलीप सैनी के निर्देशन में एक विशेष अभियान चलाया गया। इसी क्रम में सीओ मनीष शर्मा के सुपरविजन एवं एसएचओ भूपेन्द्र सिंह के नेतृत्व मे एक टीम गठित की गई। पुलिस ने जब लापता छात्रा के कमरे की तलाशी ली तो कमरे के अन्दर एक कॉपी मे छात्रा का हस्तलिखित सुसाईड नोट लिखा मिला। जिसमे नदी मे कूदने की बात कही गई थी पुलिस ने सुसाइड नोट को गंभीरता से लेते हुए चम्बल नदी मे एक बार सिविल डिफेन्स व नगर निगम के गोताखोर की टीम व दूसरी बार एसडीआरएफ व आरएसी कम्पनी के गोताखोर की टीम से तलाश करवाई मगर लापता छात्रा के बारे मे कोई सुराग नही मिला। छात्रा की कॉपी मे बहुत सी जगह राधा-कृष्ण का नाम लिखे होने एवं मोबाईल की डिटेल में इससे पहले एक बार छात्रा का मथुरा वृन्दावन की तरफ जाना पाये जाने पर एक टीम मथुरा-वृन्दावन भेजी गई। जहां बुधवार को विश्वसनीय सूत्रो से पता चला कि उक्त हुलिये की लङकी लुधियाना की तरफ निकल गई है।

इस सूचना पर गुरुवार को पुलिस की टीम लुधियाना पहुंची। छात्रा तृप्ति सिंह को तलाश कर दस्तयाब किया गया। छात्रा को लुधियाना मे ही उसके परिजनो से मिलवा कर सुपुर्द किया गया।

### मेरा गांव मेरा व्यवसाय से महिलाओं को उद्यमी व आत्मनिर्भर बनाने की अनूठी पहल



**चमकता राजस्थान। धौलपुर( रामदास तरुण )** बाड़ी प्योर इंडिया ट्रस्ट का मेरा गांव मेरा व्यवसाय कार्यक्रम धौलपुर जिले कि बाड़ी तहसील में चर्चा का विषय बना हुआ है। प्योर इंडिया ट्रस्ट के इस सामाजिक सरोकार के कार्यों कि सराहना पूरे धौलपुर जिले में हो रही है। संस्था के संस्थापक प्रशांत पाल के मार्गदर्शन में प्योर इंडिया ट्रस्ट के तहत शिक्षा से लेकर स्वास्थ्य रोजगार आदि जैसे कार्यक्रम चल रहे हैं।सामाजिक सरोकार के तहत चयनित उधमी अपनी पसंदीदा शोप से स्व-रोजगार हेतू सामान खरीद सकती है ताकि वह रोजगार भविष्य में उद्यमी महिला के लिए आर्थिक रूप से रीड की हड्डी साबित हो।संस्था के बाड़ी धौलपुर प्रोजेक्ट के फील्ड कार्यकर्ता रामबरन गोस्वामी व गजानंद शर्मा ने बताया कि प्योर इंडिया ट्रस्ट सिडबी स्वावलंबन फाउंडेशन द्वारा महिलाओं कोआत्मनिर्भर व उद्यमी महिला बनाने के लिए बहुत बड़ी पहल कर रहा है। अभी बाड़ी के आस पास के क्षेत्र की 56 महिलाओं को स्वरोजगार खुलवाया जा चुका है। यह सुनने में काफी गर्व महसूस होता है कि अब गांवों कि महिलाएं रूढ़िवादी विचारो को पीछे छोड़कर एक आत्मनिर्भर महिला बनने कि ओर कदम बढ़ा रही है।

# जयपुर विकास प्राधिकरण द्वारा अवैध कॉलोनी बसाने के प्रयास को विफल

## सुओमोटो के तहत अजमेर पुलिया से सोडाला की तरफ सड़क सीमा से हटाए अतिक्रमण

चमकता राजस्थान

जयपुर!(खलील कुरैशी) 02 मई। जयपुर विकास प्राधिकरण के प्रवर्तन दस्ते द्वारा जोन-11 में निजी खातेदारी की करीब 01 बीघा कृषि भूमि पर नवीन अवैध कॉलोनी को प्रारंभिक स्तर पर ही पूर्णतः ध्वस्त किया गया। जोन-2 एवं 7 में सुओमोटो के तहत अजमेर पुलिया चौराहा से सोडाला की तरफ राजभवन से 200 फीट जाने वाली रोड़ पर करीब 04 कि.मी. तक अवैध रूप से किये गये करीब 125 अतिक्रमणों थडी ठेले, त्रिपाल, होर्डिग, साइन बोर्ड, इत्यादि अवैध कब्जे-अतिक्रमणों को हटवाया जाकर रोड सीमा को अतिक्रमण मुक्त करवाया गया।

मुख्य नियंत्रक प्रवर्तन ने महेन्द्र कुमार शर्मा बताया कि जोन-11 के क्षेत्राधिकार में अवस्थित ग्राम महापुरा के खटवाड़ा झाई रोड़ जयश्री पेरीवाल स्कूल के पास जिला जयपुर में करीब 01 बीघा निजी खातेदारी कृषि भूमि पर जेडीए की बिना स्वीकृति-अनुमोदन के एवं बिना भू रूपान्तरण करवायें भूमि को समतल कर विगत दिवसों में मौका पाकर रातों-रात बनाई गयी मिट्टी-ग्रेबल सडकें, मकानों की बाउण्ड्रीवाल व अन्य अवैध निर्माण कर नवीन अवैध कॉलोनी बसाने की सूचना प्राप्त होते ही प्रारंभिक स्तर पर ही आज जोन-11 के राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा जेसीबी मषीन व मजदूरों की सहायता से ध्वस्त किया जाकर नवीन अवैध कॉलोनी बसाने के प्रयास को विफल किया गया। उक्त कार्यवाहीयॉ प्रवर्तन अधिकारी जोन-11 तथा प्राधिकरण में उपलब्ध जाप्ते, लेबर गार्ड एवं जोन में पदस्थापित राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा सम्पादित की गई।सुओमोटो के तहत जोन-02, 07 के क्षेत्राधिकार में अवस्थित अजमेर पुलिया चौराहा से सोड़ाला की तरफ राजभवन से 200 फीट जाने वाली रोड़ पर 04 कि.मी. तक अवैध रूप से कब्जा-अतिक्रमण कर करीब 125 स्थानों पर लगाये गये टीनषेड, थडी ठेले, त्रिपाल, होर्डिग, साइन बोर्ड, टेबल कुर्सियां इत्यादि अवैध कब्जे-अतिक्रमणों को सामूहिक अभियान का आयोजन कर जोन-02, 07 के राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा जेसीबी मषीन व मजदूरों की सहायता से हटवाया जाकर रोड सीमा को अतिक्रणमण मुक्त कराया गया। उक्त कार्यवाही प्रवर्तन अधिकारी जोन-01, 07, 10 तथा प्राधिकरण में उपलब्ध जाप्ते, लेबर गार्ड एवं जोन में पदस्थापित राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा सम्पादित की गई।



कोटा जिले में थाना इटावा की कार्रवाईः

### चाकूबाजी की घटना में वांछित दो आरोपी गिरफ्तार, 4 दिन से चल रहे थे फरार

- **ओसर प्रोग्राम में दो युवकों को चाकू मार किया था घायल, बचाव करने वाले युवक पर भी किया हमला**




**चमकता राजस्थान। जयपुर/कोटा!(खलील कुरैशी)02 मई।** कोटा जिले में थाना इटावा क्षेत्र के पीपल्दा कला गांव में एक कार्यक्रम के दौरान दो युवकों एवं बीच-बचाव करने आए एक अन्य युवक पर चाकुओं से हमला करने के मामले में वांछित दोनों आरोपी भाइयों विशाल सुमन पुत्र धनराज सुमन एवं भवानी शंकर सुमन निवासी पीपल्दा कला को थाना पुलिस की टीम ने बुधवार को गिरफ्तार कर लिया।रूरल एसपी करण शर्मा ने बताया कि घटना के संबंध में पीपल्दा कला निवासी विनोद कुमार सुमन ने 27 अप्रैल को रिपोर्ट दी कि आज वह ओसर के कार्यक्रम में गया था। रात 8-9 बजे के बीच विशाल सुमन और भवानी शंकर कार्यक्रम में आए, उन्होंने विक्की व रोहित पर चाकू से जानलेवा हमला कर दिया। जब उसने छुड़ाने की कोशिश की तो आरोपियों ने उसे भी चाकू मार दिया और वहां से फरार हो गए। रिपोर्ट पर मुकदमा दर्ज का जांच शुरू की गईएसपी शर्मा ने बताया कि घटना की गंभीरता को देखते हुए आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रविंद्र सिंह व सीओ शिवम जोशी के सुपरविजन एवं एसएचओ मांगे लाल यादव के नेतृत्व में थाना इटावा से विशेष टीम गठित की गई। आरोपी घटना के बाद से ही फरार थे। बुधवार को सूचना मिली कि आरोपी अपने घर आए हुए हैं। इस पर दबिश देकर आरोपी विशाल सुमन व भवानी शंकर को पुलिस ने उनके घर से गिरफ्तार कर लिया।

# जार का परिण्डे बांधो अभियान जिला कलेक्टर ने किया शुरू

चमकता राजस्थान

**जयपुर।** जर्नलिस्ट्स एसोसिएशन ऑफ( जार) जिला झालावाड़ का परिण्डे बांधो अभियान झालावाड़ जिला कलेक्टर ने शुरू करते हुए कहा कि इस भीषण गर्मी में मूक बधिर पक्षियों के लिए जो सेवा कार्य जार टीम द्वारा किया जा रहा है वह सराहनीय है और इस सेवा के लिए पक्षी जो आपको दुआएं देंगे वो आपके जीवन में बहुत महत्वपूर्ण होगी। मिनी सचिवालय परिसर में मुख्य अतिथि जिला कलेक्टर डॉक्टर अजय सिंह राठौड़ ने सम्बोधित करते हुए कहा कि सेवा कार्य करते रहना चाहिए जिससे समाज को प्रेरणा मिलती रहे। वहीं कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे जार के प्रदेश उपाध्यक्ष भवँर सिंह कछवाहा ने सम्बोधित करते हुए कहा कि जार एक पत्रकार संगठन होने के साथ अपने सामाजिक सरोकारों के लिए प्रतिबद्ध है और पत्रकारिता के साथ सामाजिक कार्यो व प्राणी मात्र की सेवा के लिए तत्पर रहता है। कछवाहा ने कहा कि गत वर्ष भी जार ने परिण्डे अभियान चलाया था जिसमे जिले में 185 परिण्डे बांधे गए थे। इस अवसर पर जार के जिला संरक्षक व जिला प्रेस क्लब झालावाड़ अध्यक्ष संजय बापना ने सभी का आभार व्यक्त किया। इस दौरान अतिरिक्त प्रशासनिक अधिकारी सूचना एवं जनसंपर्क विभाग अनिल त्रिवेदी,जार प्रदे-श कार्यकारिणी सदस्य दिलीप सोनी,जिला संरक्षक घनश्याम आचार्य,जिला कोषाध्यक्ष दिलीप श्रंगी,जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष अनीस आलम,महेश परिहार, उपाध्यक्ष राहुल रावल,मनोज त्रिपाठी,राजेश शर्मा,सचिव कपिल गुप्ता,जिला मीडिया प्रभारी संस्कृति जैन, जिला कार्यालय सचिव किशोर तंवर, सदस्य अमजद अली, धीरेंद्र शर्मा,धीरज गुप्ता, विशाल धाभाई के साथ जिला प्रेस क्लब के सहयोगी मुकेश उपाध्याय, हरिमोहन चूड़ावत,ललित शर्मा, रावजोत सिंह,देवेंद्र सेन विवेक शर्मा आदि अनेक पत्रकार उपस्थित थे। इस अवसर पर ग्रामीण क्षेत्र भिलवाड़ी ,समराई ,आंवली व सुलिया आदि गांवों में भी परिण्डे बांधे गए जहाँ बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने जार टीम का स्वागत किया।




स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक अभय सिंह चौहान के लिए एम बी प्रिंटर्स, सी 74 सुदर्शन पूरा, जयपुर से मुद्रित एवं 1ए देवी नगर विस्तार, देवी नगर गली नं. 6 जयपुर 302019 से प्रकाशित। सम्पादक : अभय सिंह चौहान, मोबाइल : 9314505000 (पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार) संपादक : खलील कुरैशी, मोबाइल : 7891542929